संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -205 रविवार,28 मई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम मोदी की अध्यक्षता में किया गया नीति आयोग की बैठक

## 8 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किया नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार,इन सब पर जम कर बरसे भाजपा नेता

**» आयोग के बैठक में विकसित भारत बनाने पर दिया गया जोर**

**नई दिल्ली 27 मई 2023।** पीएम मोदी ने राजधानी दिल्ली में चल रही नीति आयोग की बैठक की अध्यक्षता की. नीति आयोग ने इसकी गवर्निंग काउंसिल की बैठक के दौरान नागरिकों से विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में काम करने के लिए कहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान इस बात पर जोर दिया कि चुकि इस बैठक की थीम विकसित भारत है, इसलिए सिर्फ राष्टीय स्तर के लिए ही विजन तय किया जाए ये जरूरी नहीं है. अगर हमें इस लक्ष्य को हासिल करना है तो हमें राज्य और जिला स्तर के लिए भी सोचना होगा.

गौरतलब है कि इस बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नहीं पहुंचने को लेकर बीजेपी ने कड़ा ऐतराज जताया. पार्टी की तरफ से वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि जो मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में गैर हाजिर रहे हैं वो गैर-जिम्मेदार और जनता विरोधी हैं. नीति आयोग की इस बैठक में पीएम मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक के लिए 100 से ज्यादा मुद्दे तक किए गए रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नीति आयोग की बैठक देश के विकास के लिए बेहद जरूरी है. इस बैठक में देश के विकास के लिए ऑब्जेक्टिव्स, फ्रेमवर्क और रोड मैप तैयार किया जाता है. नीति आयोग की आठवीं बैठक के लिए 100 से ज्यादा मुद्दे तक किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद भी आठ राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में नहीं आए।




*पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान इस बात पर जोर दिया कि चुकि इस बैठक की थीम विकसित भारत है, इसलिए सिर्फ राष्ट्रीय स्तर के लिए ही विजन तय किया जाए ये जरूरी नहीं है. अगर हमें इस लक्ष्य को हासिल करना है तो हमें राज्य और जिला स्तर के लिए भी सोचना होगा...*

### सीएम केजरीवाल,भगवंत मान और ममता नहीं आईं

बता दें कि जिन मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक से दूरी बनाई है उनमें खास तौर पर अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और ममता बनर्जी शामिल हैं. रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जिस बैठक में 100 से ज्यादा मुद्दों पर चर्चा होनी हो, उस बैठक में ये मुख्यमंत्री क्यों नहीं आए. अगर इतनी बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री इतनी बैठक से दूर रहेंगे तो वो अपने राज्य के लोगों की बात को केंद्र तक कैसे पहुंचा पाएंगे।

ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण, गैर-जिम्मेदाराना और आम जनता के खिलाफ है. ये लोग पीएम मोदी के विरोध में आखिर कहां तक जाएंगे. आपको (सीएम जो बैठक में नहीं आए) पीएम मोदी के विरोध करने के कई मौके मिलेंगे लेकिन इस वजह से अपने राज्य की जनता का नुकसान क्यों कर रहे हैं.

### 8 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किया नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार

प्रगति मैदान में आयोजित नीति आयोग की आठवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का 8 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बहिष्कार किया। इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के इस फैसले पर भाजपा ने जमकर निशाना साधा। शनिवार को प्रेसवार्ता में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्षी नेता मोदी विरोध के चलते राज्य की जनता का नुकसान करने पर लगे हैं।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस बैठक में 100 से अधिक मुद्दों पर चर्चा हो रही है और इस अहम बैठक में मुख्यमंत्रियों का भाग नहीं लेना सीधा सीधा जनता को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि नीति आयोग राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं, क्षेत्रों और रणनीतियों की साझा दृष्टि विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। नीति आयोग पूरे देश के विकास के लिए संपूर्ण नीति-ढांचे और रोड मैप का निर्धारण करता है।

रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष से सवाल पूछते हुए कहा कि नीति आयोग की इस बैठक के लिए 100 मुद्दे तय किए गए हैं, अब जो मुख्यमंत्री नहीं आए हैं, वो अपने प्रदेश की जनता की आवाज यहां तक नहीं ला रहे हैं। क्या उन लोगों को लाभ नहीं मिलना चाहिए? मोदी विरोध में विपक्ष कहां तक जाएगा?

## नीति आयोग की बैठक के बाद सीएम धामी ने दिया बड़ा बयान



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नीति आयोग गर्वनिंग बॉडी की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंच गए हैं। उन्होंने बैठक में राज्य में सालभर में आने वाली करीब सात करोड़ अस्थाई आबादी के लिए सुविधाएं जुटाने का मुद्दा उठाने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां प्रतिकूल होने के नाते नीति आयोग से राज्य के लिए अलग से व्यवस्था करने की मांग करेंगे।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि नीति आयोग की बैठक में सरकार के विकास का रोडमैप साझा करेंगे। साथ ही उनका यह बात रखने का प्रयास होगा कि उत्तराखंड में पर्यटन, तीर्थाटन, कांवड यात्रा व अन्य प्रयोजन से साल भर करोड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

राज्य सरकार को अपनी एक करोड़ से कुछ अधिक की आबादी के साथ साल भर करीब सात करोड़ अस्थाई आबादी के लिए सुविधाएं और संसाधन जुटाने पड़ते हैं। वे इस व्यवस्था के लिए केंद्र से सहयोग की मांग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की अपनी भौगोलिक कठिनाइयां हैं। यहां विकास कार्यों की लागत अधिक आती है। वह नीति आयोग से इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की मांग उठाएंगे।

## यासीन मालिक की सजा पर महबूबा मुफ्ती ने कही ये बी बात



**नई दिल्ली 27 मई 2023।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने एक बार जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक का समर्थन किया है. शनिवार को उन्होंने कहा कि यासीन मलिक की सजा पर भी पुनर्विचार होना चाहिए. इसके लिए महबूबा मुफ्ती ने पूर्व पीएम राजीव गांधी के हत्यारों की सजा की माफी की ओर इशारा किया है. अपने एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि यासीन मलिक जैसे राजनीतिक कैदी के मामले की समीक्षा और पुनर्विचार किया जाना चाहिए. उनकी तरफ से जोर देकर कहा गया है कि इस देश में जब पीएम की हत्याओं करने वालों को माफ किया जा सकता है, तो ऐसे में यासीम मलिक की सजा का रीव्यू होना चाहिए.

### मुफ्ती ने किया है ये ट्वीट

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को अपने एक ट्वीट में कहा कि, भारत जैसे लोकतंत्र में जहां प्रधानमंत्री के हत्यारों को भी माफ कर दिया जाता है, यासीन मलिक जैसे राजनीतिक कैदी के मामले की समीक्षा और पुनर्विचार किया जाना चाहिए. उनकी फांसी का समर्थन करने वाले नए राजनीतिक इखवान हमारे सामूहिक अधिकारों के लिए गंभीर खतरा हैं.

असल में, एनआईए ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख यासीन मलिक को मौत की सजा दिए जाने का अनुरोध किया है. एनआईए के इस कदम के बाद जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने शनिवार को कहा कि देश को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए. उनके ही ट्वीट के स्टेटमेंट को शेयर करते हुए महबूबा मुफ्ती ने अपनी बात रखी है.



## भारत के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश

**नई दिल्ली 27 मई 2023(ए)।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हुई. दिल्ली के कई इलाकों में बारिश के कारण जलभराव देखा गया. भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर के ऊपर से गुजरे बादलों की गतिविधियों से इस इलाके में हल्की से मध्यम तीव्रता वाली बारिश हुई. इस दौरान 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान लगाया गया था. इस आंधी और बारिश से मौसम के मिजाज में नरमी आई वहीं दिल्ली के पारे ने भी गोता लगाया. जोरदार बारिश ने दिल्ली में दस्तक दी तो मौसम में ठंडक भी महसूस की गई. इस तरह दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है. इससे पहले पहाड़ी राज्यों में जमकर बर्फबारी से कई इलाके बर्फ की चादर से ढके नजर आए हैं. उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में भारी बर्फबारी में फंसे एक श्रद्धालू को स्ठ्रऋ्न ने बचाया है. वहीं हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति में हुई ताजा बर्फबारी ने सैलानियों का मजा दोगुना कर दिया. झमाझम बारिश ने लोगों के वीकेंड का मजा दोगुना कर दिया है. राजस्थान की राजधानी जयपुर में मौसम में बदलाव देखा गया, काले बादल छाए हुए हैं और तेज़ हवाएं चल रही हैं।

## बीजेपी के इशारे पर हेमंत यादव की हुई हत्या:अखिलेश यादव

**» अखिलेश यादव ने छात्र नेता हेमंत यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी**

**बलिया 27 मई 2023(ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 27 मई दिन शनिवार यानि आज बलिया पहुंचे हुए है. अखिलेश यादव करीब दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर हेलीकॉप्टर से छात्र नेता हेमंत यादव के गांव धड़सरा पहुंचे. इसके बाद अखिलेश यादव ने छात्र नेता हेमंत यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी. अखिलेश यादव ने दिवंगत छात्र नेता के परिजनों से करीब 25 मिनट तक मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया तथा न्याय दिलाने की बात कही. अखिलेश यादव ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत की.



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार देश से लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली हुई है. प्रदेश सरकार पर बरसते हुए उन्होंने कहा कि छात्र नेता हेमंत यादव की हत्या सत्ता के इशारों पर की गई है. सत्ता के संरक्षित गुंडों के द्वारा उभरते हुए छात्र नेता की हत्या की गई है. बलिया में पिछले सत्ता के संरक्षित लोगों के उत्पीड़न से आजिज आ कर एक व्यापारी नन्दलाल गुप्ता ने आत्महत्या कर ली. सरकार बताए कि इन संरक्षित आपराधियों को कौन पाल पोष रहा है. पूरे यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है. पुलिस के सुरक्षा में अपराधी लोगों की हत्याएं कर रहे हैं. उन्होंने बेरोजगारी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि एक भी नौकरी युवाओं को नहीं मिली है. जबकि भाजपा सरकार हर साल लाखों युवाओं को रोजगार देने का वादा की थी. इसका क्या हुआ।

नए संसद भवन के उद्घाटन में न जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कितना भी बड़ा भवन बना लीजिए. लेकिन, जब तक लोकतंत्र के मूल्यों को नहीं संजोया जाएगा तब तक भवन बन जाने से कोई फायदा नहीं होगा. भाजपा सरकार पिछड़ों एवं दलितों का आरक्षण को खत्म करना चाहती है. एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि दिल्ली में केंद्र सरकार विधेयक ला कर लोकतंत्र का गला घोंट रही है. जिसका हम लोग विरोध करेंगे. आगामी लोकसभा चुनाव में हम भाजपा को बुरी तरह से पराजित करेंगे. इस मौके पर पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी, अम्बिका चौधरी, मो.जियाउद्दीन रिजवी, नारद राय, राजमंगल यादव, सनातन पांडेय, रामजी यादव, देवनारायण यादव, विवेक सिंह, अंनत मिश्र, हिरामन यादव, भीष्म यादव सहित सैकड़ों सपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. शनिवार को दिवंगत छात्र नेता हेमंत यादव के परिजनों से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने करीब 25 मिनट तक बंद कमरे में वार्ता की. छात्र नेता की मां ने रोते हुए न्याय की गुहार लगाई तो अखिलेश यादव ने पूरी तरह से मदद करने और हर संभव न्याय दिलाने की बात कही।

# अधीनम्स ने सेंगोल पीएम मोदी को सौंपा

**» सेनगोल (स्पेक्टर) को नए संसद भवन में रखा जाएगा**

**नई दिल्ली 27 मई 2023(ए)।** 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह की तैयारी में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर अधिनामों से मुलाकात की,उनका आशीर्वाद मांगा। बैठक के दौरान, अधिनामों ने प्रधानमंत्री को श्रद्धेय सेंगोल भेंट किया।

इससे पहले मंगलवार को,गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि आजादी की शुरुआत में भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू को सौंपे गए एक सेनगोल (स्पेक्टर) को नए संसद भवन में रखा जाएगा, जिसने 14वीं शताब्दी के तमिलनाडु मठ पर ध्यान केंद्रित किया है। 15 अगस्त, 1947 की पूर्व संध्या पर भारत की नियति के साथ भेंट। चेन्नई के एक आभूषण निर्माता की भी ग्यारहवें घंटे में भूत की तैयारी में भूमिका थी।

### सेंगोल के पीछे का इतिहास

ऐतिहासिक अभिलेखों से पता चलता है कि स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी ने नेहरू को सुझाव दिया था कि वे ब्रिटिश से भारत को सत्ता के प्रतीकात्मक हस्तांतरण के रूप में लॉर्ड माउंटबेटन से भूत प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने नेहरू से कहा कि तमिल परंपरा में राज्य के राजगुरु (महायाजक) राजा के सत्ता में आने पर उसे एक भूत दिखाएंगे। नेहरू के विचार का समर्थन करने पर, राजाजी, जिन्हें राजगोपालाचारी के नाम से जाना जाता था, ने गोल्डन स्पेक्टर को कमीशन करने के लिए वर्तमान माइलादुथुराई जिले में अधीनम (मठ) से संपर्क किया।



### नई संसद में सेंगोल का महत्व

गृह मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सेंगोल का इतिहास और महत्व बहुत से लोगों के लिए अपेक्षाकृत अज्ञात है। नई संसद में सेंगोल की स्थापना का उद्देश्य सांस्कृतिक परंपराओं को आधुनिकता से जोड़ना है। अमित शाह ने भारत की विरासत को संरक्षित करने और प्रतिबिंबित करने के महत्व पर बल देते हुए नई संसद में सेनगोल को शामिल करने की योजना बनाने में प्रधान मंत्री मोदी की दूरदर्शिता की प्रशंसा की।

### विपक्ष ने सेंगोल सिद्धांत का नारा दिया

सेनगोल,जिसे नई संसद में अध्यक्ष की कुर्सी के बगल में स्थापित किया जाना है, को अंग्रेजों द्वारा भारत में सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक के रूप में वर्णित किया गया है - एक धारणा जो सी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के सिर में डाली गई थी। राजगोपालाचारी -और जिसके परिणामस्वरूप,अंतिम वायसराय माउंटबेटन द्वारा पहले भारतीय प्रधान मंत्री को स्वर्ण राजदंड सौंपने का मार्ग प्रशस्त हुआ। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को दावा किया कि लॉर्ड माउंटबेटन,राजगोपालाचारी और नेहरू के इस धारणा का पालन करने का कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है कि सेनगोल सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक था।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीएम मोदी और उनके ढोल बजाने वाले तमिलनाडु में अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए औपचारिक राजदंड का उपयोग कर रहे हैं। रमेश ने ट्विटर पर कहा, यह इस ब्रिगेड की खासियत है कि अपने विकृत उद्देश्यों के अनुरूप तथ्यों को उलझाता है। असली सवाल यह है कि राष्ट्पति मुर्मू को नई संसद का उद्घाटन करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है।

कांग्रेस महासचिव संचार रमेश ने अपने ट्वीट में कहा, क्या यह कोई आश्चर्य की बात है कि व्हाट्सएप विश्वविद्यालय से नई संसद को आम तौर पर झूठे आख्यानों के साथ प्रतिष्ठित किया जा रहा है? भाजपा-आरएसएस के इतिहासकार अधिकतम दावों और न्यूनतम सबूतों के साथ फिर से बेनकाब हो गए हैं।

## कर्नाटक में असंतोष की आग के बीच मंत्रिमंडल विस्तार,24 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**बेंगलुरू 27 मई,2023(ए)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने आज मंत्रिमंडल विस्तार किया। रा'यपाल थावरचंद गहलोत ने 24 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलवाई। इनमें नौ लोग पहली बार विधायक बने हैं, जबकि एक महिला विधायक भी शामिल हैं। इस प्रकार अब कर्नाटक कैबिनेट में अब 34 मंत्री हो गए है. इनमें 10 ने 20 मई को ही शपथ ले ली थी, जिनमें जी.परमेश्वर, के.एच. मुनियप्पा, के.जे. जॉर्ज, एम.बी. पाटिल, सतीश जारकीहोली, प्रियंका खडग़े, रामालिमगा रेड्डी और बी.जेड. जमीर अहमद खान शामिल हैं। कर्नाटक कांग्रेस के 24 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई. इन नेताओं में दिनेश गुंडुराव, शरणबसप्पा दर्शनापुर, एचके पाटिल, कृष्णा बायरे गौड़ा, एन चेलुवरायस्वामी, के वेंकटेश, शिवानंद पाटिल, तिम्मापुर रामप्पा बलप्पा, एसएस मल्लिकार्जुन, तंगदगी शिवराज संगप्पा, डॉक्टर एचसी महादेवप्पा, ईश्वर खंड्रे, क्याथासंद्रा एन राजन्ना, डॉक्टर शरणप्रकाश रुद्रप्पा पाटिल, संतोष एस लाड, एनएस बोस राजू, सुरेश बीएस, मधु बंगारप्पा, डॉक्टर एमसी सुधाकर, मंकल वैद्य, लक्ष्मी आर हेब्बालकर, रहीम खान, डी सुधाकर और बी नागेंद्र शामिल है।?



मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद ने कर्नाटक कांग्रेस में असंतोष को हवा दे दी है, जो 10 मई के विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में वापस आई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि, किसी ने भी इस संबंध में सामने आने और बयान जारी करने की हिम्मत नहीं की, लेकिन कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने पुष्टि की कि कैबिनेट बर्थ से चूकने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में असंतोष है। वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के करीबी बी.के. हरिप्रसाद एमएलसी और परिषद में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

# नौपता के तीसरे दीन तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 मई 2023 (घटती-घटना)।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव ने मौसम का मिजाज बदल दिया। नौतपा के प्रारंभ से ही बादलों के बीच हवा चल रही है। जिससे अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इससे नौतपा के तेवर तीसरे दिन ही ठंडे पड़ गए। नौतपा के पहले दिन अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री तक पहुंच गया था। इसके बाद तापमान में समान्य से चार डिग्री की गिरावट दर्ज होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं शनिवार की दोपहर में आसमान में बादल सक्रिय हुए और रूक-रूक कर झमाझम बारिश हुई। दोपहर दो बजे के बाद रूक-रूक कर तेज आंधी के साथ बारिश देर शाम तक होती रही। झमाझम बारिश होने से मौसम पूरी तरह ठंड हो गया है। पिछ्ले एक पखवाड़े से पड़ रही भीषण गर्मी एवं तापमान औसत 40 डिग्री के आसपास स्थिर हो जाने से लोगों का हाल बेहाल हो गया था। लोगों का अंदेशा था कि 25 तारीख से शुरू हो रहे नौतपा में तापमान अपने चरम सीमा पर रहेगा। लेकिन नौतपा के पहले दिन से ही लोगों को सूर्य की तपिश से राहत मिली है। मौसम विज्ञानी के अनुसार आसमान में बादल सक्रिय रहने की एक दो दिनों तक और बताई जा रही है। इसके बाद भीषण गर्मी की संभावना मौसम विज्ञाग द्वारा की गई है। पिछ्ले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मौसम में पश्चिमी विक्षोभ का खलल पड़ने के कारण तापमान में कोई खास वृद्धि नहीं देखी गई है। अप्रैल व मई महीने में अधिकतम तापमान 40 से 41 डिग्री के बीच ही बनी रही। पिछ्ले वर्ष भी नौतपा में अधिकतम तापमान 36 से 37 डिग्री के आस पास ही बना हुआ था।सरगुजा कृषि मौसम विज्ञान के अनुसार मई महीने में बारिश होने से फलदार व सब्जी के फसलों को फायदा मिलेगा। भीषण गर्मी में फसलों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता पड़ती है। वहीं आम, लीची को पकने के लिए गर्मी का पानी जरूरी होता है। इस बारिश के कारण फल जल्द पककर तैयार होते हैं।





## चलती ऑटो पर गिरा विशाल पेड़

शनिवार की दोपर से अंबिकापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के दौरान शाम को शहर के संजय पार्क के पास चलती ऑटो पर अचानक एक विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ ऑटो पर गिरने से चालक उसके नीचे दब गया। इससे चालक की जान आफत में पड़ गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम तत्काल मौके पर पहुंची, लेकिन भारी भरकम पेड़ होने के कारण वहां मौजुद लोग और एसडीआरएफ की टीम हिला भी नहीं सके। इसके बाद क्रेन को बुलाया गया। करीब आधे घंटे के बाद वहां पहुंची क्रेन के लिए पुलिस ने जाम लगी सडक़ पर रास्ता बनवा दिया था जिससे तत्काल क्रेन घटनास्थल पर पहुंची और फिर आटो पर गिरे पेड़ को हटाकर आटो पीछे करके कड़ी मशक्कत के बाद उसमें दबे चालक को निकाला गया और आनन-फानन में उसे 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के समय ऑटो में चालक के परिजन ही बैठे थे गनीमत रही की इस हादसे में कोई अनहोनी नहीं हुई। वहीं तेज आंधी पानी में शहर सहित अन्य इलाकों में पड़ गिरने की खबर है।

# 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए निर्धारित जमीन पर अवैध कब्जा हटाने शुरू हुई कवायद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 मई 2023 (घटती-घटना)।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा के निर्माणाधीन भवन की भूमि से अतिक्रमण न हटाये जाने को स्वस्थ्यमंत्री ने गम्भीरता से लिया है। जनप्रतिनधियो और अधिकारियो कि टीम भेजकर अतिक्रमण हटाने की पहल की। यह टीम सोमवार को पुनः अधिकारियों के साथ मौके का मुआयना कर अतिक्रमण हटाने की समीक्षा करेगी। राजस्व विभाग द्वारा दरिमा में बन रहे 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए निर्धारित जमीन पर अवैध कब्जा हो रहा है। बेजा कब्जे के चलते अस्पताल भवन का काम रुक गया । निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी ने इसकी जानकारी राजस्व विभाग और स्वस्थ्यमंत्री टीएस सिंह देव को दी। विदेश प्रवास दौरान जानकारी मिलते ही उन्होंने विधायक डॉ प्रीतम राम से चर्चा कर कांग्रेस और राजस्व विभाग की एक टीम जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में भेजकर आपसी सहमति बनाने अथवा नियमानुसार अतिक्रमण हटाने कहा।निर्माणाधीन भवन के लिए तत्काल 6 मीटर जमीन की जरूरत है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी विभाग और बीस बिस्तरीय आइसोलेशन विभाग के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है। इंटर्नशिप करने वाले चिकित्सको के लिए 50 लाख की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण की स्वीकृति मिली हैं। इन सबके लिए जमीन की जरूरत पड़ेगी। मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के अधिकारी,पुलिसकर्मियों और ठेकेदारों ने अतिक्रमणकारियों से चर्चा कर सहमति से अतिक्रमण हटाने कहा। उन्हें 24 घण्टे का अल्टीमेटम दिया गया है। कांग्रेस जनप्रतिनधियो की टीम सोमवार को पुनः स्थल निरीक्षण करेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनिमा केरकेट्टा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष,सुनील मिश्रा,नारद गुप्ता,पिंटू गुप्ता,नरेन्द्र गुप्ता,रोहन सोनी,आतिश शुक्ला,पंकज सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।



## जन समस्या निवारण शिविर में जनप्रतिनिधियों को अनदेखी करने का आरोप

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अनदेखी करने का आरोप जिला पंयायत सदस्य शारदा पैंकरा जनपद पंचायत बतौली ने लगाया है। शारदा पैंकरा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विकासखंड बतौली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इन सभी शिविरों में विधायक व मंत्री अमरजीत भगत उपस्थित रहते हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि विगत कई शिविरों में महसूस किया जा रहा है कि कार्यक्रम में भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों डीडीसी, बीडीसी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को न तो सूचना दी जाती है और न ही आमंत्रित की जाती है। ऐसा महसूस हो रहा है कि जिला प्रशासन कांग्रेस का समस्या निवारण शिविर के रूप में आयोजित हो रही है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि स्वस्थ्य लोकतंत्र की अवधारणा के लिए कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को सूचा एवं आमंत्रित किया जाए।

## प्रयास आवासीय विद्यालय का काउंसलिंग 5 जून से

**अंबिकापुर 27 मई 2023।** प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रशासकीय अधिकारी ने बताया है कि राजीव गांधी आवासीय विद्यालय कक्षा 9वी सत्र 2023-24 में आयोजित प्राक्रयन परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा परिणाम के आधार पर काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों की विभागीय वेबसाइट ीजजचरूध्धमासंअलंण्बहण्दपबण्पद पर अवलोकन किया जा सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार काउंसलिंग 5 जून से 9 जून 2023 तक प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय रायपुर में किया जाएगा। 5 जून को बालक एवं कन्या, 6 जून को अनुसूचित जाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति के बालक, 7 जून को अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका, 8 जून को अन्य पिछे ा वर्ग बालक एवं बालिका 9 जून को सामान्य वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग की काउंसलिंग होगी। काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश से संबंधित किसी प्रकार की दावा आपत्ति उल्लेखित तिथि को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे तथा 12:00 बजे तक निराकरण पश्चात काउंसलिंग की कार्यवाही की जाएगी।

# शौच करने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला,गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 मई 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के ग्राम ठमकी में शुक्रवार की रात भालू ने अपने दो शावकों के साथ एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। ग्रामीण घर के समीप कुछ दूरी पर खेत में शौच के लिए गया था। वहीं पर पहले से मेढ़ के नीचे एक भालू अपने दो शावकों के साथ बैठा था और अचानक ग्रामीण पर हमला कर दिया। ग्रामीण को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय सुभल राम सूरजपुर जिले के ग्राम ठठरी का रहन वाला है। वह शुक्रवार की रात को शौच के लिए घर से कुछ दूरी पर खेत में गया था। जहां पहले से एक भालू दो शावकों के साथ बैठा था। भालू ने अचानक सुभल राम पर हमला कर दिया। भालू के हमले में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर घर से परिजन व पास पड़ोस के लोग पहुंचे और लाठी डंडे से मार कर भालू को भगाया। इस दौरान भालू ने सुभल राम को गंभीरा रूप से जख्मी कर दिया था। परिजन रात में ही उसे इलाज के लिए ओडग़ी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। स्थिति गंभीर होने के कारण आईसीयू में भर्ती कराया गया है।



# दूल्ही तालाब पर माँ गंगा आरती 30 को,की जा रही व्यापक तैयारी

**भजन संध्या के साथ होगी आकर्षक गंगा आरती**



- संवाददाता -
सूरजपुर,27 मई 2023 (घटती-घटना)।

मोक्षदायिनी माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा के पावन अवसर पर पिछ्ले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के पंचमन्दिर स्थित दूल्ही तालाब में 30 मई मंगलवार को माँ गंगा पूजन व भव्य आरती का आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर दूल्ही तालाब के तट की साफ सफाई कर समूचे तट को आकर्षक रंग रौग़न कर दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन सरोवर धरोहर सुरक्षा समिति के अध्यक्ष चंचलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 30 मई की शाम को होने वाली गंगा आरती को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है जो अब पूर्णता की ओर है। आयोजन भव्य व आकर्षक हो इसके लिए समूचे तालाब परिसर में रंग रौग़न के साथ रंगीन रौशनी व पुष्पाहार से तालाब परिसर को सजाने का काम किया जाएगा। जगमगाती रौशनी व माँ गंगा की आरती यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा।आयोजन भव्य व आकर्षक हो इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रवेश गोयल व एल्डरमेन राहुल अग्रवाल टिंकु के द्वारा सराहनीय पहल की गई है। कार्यक्रम में 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन प्रारम्भ होगा जिसमें पूरी म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा मनमोहन भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। संध्या 6 बजे दीपदान व माँ गंगे को चुनरी अर्पण किया जाएगा। ततपश्चात संध्या 7.30 बजे 11 ब्राह्मणों के द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ माँ गंगा की भव्य आरती की जाएगी जिसके बाद प्रसाद वितरण होगा। सरोहर धरोहर सुरक्षा समिति ने सभी श्रद्धालुओं से मोक्षदायिनी माँ गंगा के पूजन व आरती में शामिल होने का आग्रह किया है।

# 25 वर्षीय स्टाफ नर्स ने दवा का किया सेवन हुई मौत

- संवाददाता -
लखनपुर,27 मई 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरजा में 26 मई दिन शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे निजी नर्सिंग होम की 25 वर्षीय स्टाफ नर्स ने अज्ञात कारणों से कलोरो क्वीन दवा का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया



प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरती पिता बंधन राम जाति कुमहार उम्र 25 वर्ष ग्राम कोरजा थाना लखनपुर निवासी जो अंबिकापुर निजी नर्सिंग होम में स्टाफ नर्स का कार्य करती थी।गुरुवार को अपने घर आई हुई थी 26 मई दिन शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे अज्ञात कारणों से अत्यधिक मात्रा में क्लोरो क्वीन दवा का सेवन कर लिया परिवार जनों को जानकारी होने पर गंभीर स्थिति में तत्काल निजी वाहन के माध्यम से उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा 7बजे घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी ।घटना के बाद से परिवारजनों सहित गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। 26 27 मई दिन शनिवार को लखनपुर पुलिस शव को कब्जे मिले कर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# तड़पती धूप में छोटे-छोटे बच्चों से तेन्दूपत्ता फड़ में करवाया जा रहा है काम

» **बच्चों ने बताया कि एक हजार गड्डी पलटी का मिलता है दस रुपया**

- संवाददाता -
सूरजपुर,27 मई 2023 (घटती-घटना)।

तड़पती धूप सबके लिए है इन तड़पती हुई धूप में घर से बाहर निकलने? के लिए एक बार सोचना पड़ता है ज्ञात हो कि 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों से कार्य करवाना कानूनन अपराध है जो बाल श्रमिक के अंतर्गत आता है उसे दर किनार करते हुए मामला सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर के प्राथमिक लघु वनोपज बिहारपुर समिति के अंतर्गत अवंतिकापुर फड़ (अ) में तेन्दूपत्ता खरीदी की गई है। खरिदी के बाद पत्ता का उलट पलट करवाना बहुत ही जरुरी होता है जिसे देख लोग पत्ता पलटी नहीं करतें हैं अगर पत्ता पलटी करते हैं इन्हें अधिक मजदूरी देना पड़ता है जब लोग नहीं करते हैं तो उसे छोटे-छोटे बच्चों से बहला फुसलाकर पैसा का लालच देकर बच्चों से पत्ता पलटी का काम करवाया जाता है जिसे कम दाम में ही काम हो जाता है। यह कोई नयी बात नहीं है प्रत्येक वर्ष इस क्षेत्र में बच्चों से पलटी करवाने का मामला किसी ना किसी फड़ का उजागर होता है जो इन साल भी बच्चों से पत्ता पलटी करवाया गया है। दुरस्त क्षेत्र होने का मुनाफा आलाकमान अधिकारी उठाते हैं उन सबको भली भांति पता है कि यहां कुछ होने जाने वाला तो है नहीं सब अंधेरे नगरी चौपट राजा है कुछ भी करें सब सही है। जिसे यह क्षेत्र सुर्खियों में रहता है। मौके में उपस्थित ठेकेदार कर्मचारी चेकर था उनके द्वारा बताया गया कि इस क्षेत्र में मजदूर नहीं मिलते हैं तो क्या करें बच्चों से पत्ता पलटी करवाना पड़ता है बरसात से पहले समिति से तेन्दूपत्ता को गोदामों में भेजवाना पड़ता है। तेन्दूपत्ता पलटी कर रहे बच्चों से जब जाना गया तो बच्चों ने कहा कि हां हमने पत्ता पलटी किया है। एक हजार गड्डी पलटी करते हैं तो उसके बदले में दस रुपए मिलता है।





# मौसम का मिजाज बदला,अचानक गरज-चमक के साथ होने लगी झमाझम बारिश

- संवाददाता -
सूरजपुर, 27 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्र सहित विभिना स्थानों में शनिवार को मौसम का मिजाज बदला बदला सा नजर आया। दिनभर तेज धूप खिली रही है फिर 3:00 अचानक गरज चमक से झमाझम बारिश होने लगी। बारिश से तापमान में गिरावट आई है। लोगों को उमस व गर्मी से मिली राहत मिली है। लेकिन जिला मुख्यालय स्थित कई दुकानों के बोर्ड शेड उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गए शहर से लगे ग्राम पंचायत पचिरा में लाल बहादुर यादव के खटाल में उकेलिप्तस का पेड़ गिर से खटाल में बंधे 18 मवेशियों तो बाल-बाल बच गए लेकिन खटाल में लगे लगभग सीमेंट के 50 सीटें क्षतिग्रस्त हो गए बारिश के बाद मौसम काफी सुहावना हो गया। जेठ महिने में जब भीषण गर्मी होती है ऐसे समय में बेमौसम बारिश से सावन भादो का अहसास होने लगा है। बदले मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। बीते दस दिनों की बात करें, तो मौसम नरम गरम बना हुआ है। जिससे तापमान में गिरावट आई है, जो गर्मी के लिहाज से तो राहत भरा है। लेकिन जलवायु के हिसाब से सही नहीं माना जा सकता है। बारिश के मौसम में बारिश, ठंड में ठंड न लगे वहीं गर्मी में गर्मी का अहसास ना हो, तो प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा है। अब तो हर समय हर तरह के मौसम देखने को मिल रहा है। साल दर साल बारिश कम होते जा रही है। इस वर्ष ठंड भी अच्छे से नहीं पड़ी है। ठंड का पूरा सीजन निकल गया है। वहीं जब गर्मी आ है तो भी सही तरीके से नहीं पड़ रही है। तेज गर्मी बढ़ी ही थी कि अचानक बारिश व झड़ी के हालात बन गए, जिससे अंदाजा लगाना कठिन हो गया है कि मौसम गर्मी का है या बरसात का है। लोगों के लिए एक चीज बड़ी राहत देने

वाली हैं कि भीषण गर्मी में जब कूलर, पंखे काम नहीं करते हैं। ऐसे मौसम में झमाझम बारिश से सुकून मिल रहा है।







CMYK

## 31 मई से तीन जून तक भारत की यात्रा पर आएगें नेपाली पीएम

काठमांडू । नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के न्यौते पर 31 मई से भारत की चार दिवसीय यात्रा करने वाले हैं। यहां विदेश मंत्रालय सूत्रों ने जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में, तीसरी बार प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद यह प्रचंड की पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि यात्रा 31 मई से तीन जून तक होगी। विदेश मंत्री एन पी सौद के सहयोगी अधिकारी ने बताया, ''विदेश मंत्रालय प्रधानमंत्री प्रचंड की आधिकारिक यात्रा की औपचारिक घोषणा शनिवार को करेगा। यह यात्रा 31 मई से तीन जून तक होगी और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करने के अलावा अन्य उच्च स्तरीय बैठकें होनी हैं। अधिकारी ने बताया, ''यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बीच, भारत में नियुक्त नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस हफ्ते मुलाकात की और प्रचंड की आगामी यात्रा पर चर्चा की।

## गलती से फिसल कर बाड़े में गिरा शख्स, 40 मगरमच्छों का बना निवाला

नामपेन्ह । 72 वर्षीय एक कंबोडियाई नागरिक अपने परिवार के रेपटाइल फार्म में एक बाड़े से मगरमच्छ को छड़ी की मदद से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि उसने बाड़े में अंडे दिए थे। तभी मगरमच्छ ने उस लकड़ी को पकड़ लिया जिससे वह उसे हांक रहे थे और बुजुर्ग को अंदर खींच लिया। इसके बाद करीब 40 मगरमच्छों का झुंड उनके इर्द गिर्द इकट्ठा हो गया और उनके शरीर के चीथड़े करके वहां खून से लथपथ लाश को बाड़े में छोड़ दिया। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस का कहना है कि जब वह शख्स पिंजरे में अंडे देने वाले मगरमच्छ को अलग करने की कोशिश कर रहे थे तभी उसने छड़ी पर हमला बोल दिया और वह उसके अंदर गिर गए। उसके बाद बाकी मगरमच्छों ने भी उन पर हमला बोल दिया और उन्हें तब तक काटते रहे जब तक वह मर नही गए। बुजुर्ग के पूरे शरीर पर काटने के निशान मौजूद थे और उनका एक हाथ मगरमच्छ निगल भी गया था। पुलिस का कहना है कि 2019 में भी इसी तरह एक दो साल की बच्ची को इसी गांव में रेप्टाइल फार्म में मगरमच्छ काट कर खा गए थे। अंगकोर वाट के प्रसिद्ध खंडहरों वाले शहर का प्रवेश द्वार माने जाने वाले सिएम रीप में बड़ी संख्या में रेप्टाइल फार्म हैं। यहां रेप्टाइल को उनके अंडे, खाल, मांस और उनके बच्चों को बेचने के लिए पाला जाता है।

## बच्चे ने पुलिस को फोन कर मांगी मदद, जवान ने उसे ही मार दी गोली

### – नाबालिग गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में करवाया भर्ती

मिसिसिपी । अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक पुलिसकर्मी ने 11 वर्षीय लड़के को गोली मार दी। नाबालिग ने 911 पर फोन कर पुलिस से मदद मांगी थी। इसके बाद पुलिस अधिकारी बताए गए पते पर पहुंचा और गोली मार दी। गोली लगने से नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि अब पीड़ित लड़का खतरे से बाहर है। लड़के की पहचान एड्रियन मुरी के रूप में की गई है। पीड़ित लड़के के परिजनों ने आरोपित पुलिस अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग की है। लड़के की मां का कहना है कि इंडिओला पुलिस विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार की सुबह एड्रियन को सीने में गोली मार दी थी, जब अधिकारी बच्चे के घर पर घरेलू गड़बड़ी की कॉल करने पर पहुंचा था। बच्चे की मां ने कहा कि बच्चे द्वारा घरेलू घटना के लिए पुलिस बुलाए जाने के बाद इंडोला पुलिस विभाग का एक अधिकारी घर आया। महिला ने बताया कि उसका पति सुबह करीब चार बजे घर पर गुस्से में आया और झगड़ा करने लगा। इस दौरान उसका बेटा और भतीजा सो रहे थे। तभी उसने अपने बेटे को मोबाइल फोन दिया और दादी व पुलिस को फोन करने के लिए कहा. इस दौरान एड्रियन ने सबसे पहले पुलिस को फोन लगाया और घरेलू झगड़ा की सूचना दी। इसके बाद पुलिस अधिकारी घर के बाहर पहुंचा। उसने पहले दरवाजा खटखटाया और फिर लात मारकर दरवाजा तोड़ दिया। इस दौरान उसने बाहर से ही आवाज लगाई की जो कोई भी घर के अंदर है सभी लोग बाहर आ जाए। इसके बाद एड्रियन जैसे ही लिविंग रूम में पहुंचा पुलिस अधिकारी ने उसे गोली मार दी। इस दौरान उसे समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। नाबालिग खून से लथपथ हो गया और उसे अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग की है।

## पहली बार मंगल ग्रह से पृथ्वी पर आए सिग्नल, वैज्ञानिकों ने किया डिकोड

कैलिफोर्निया। पृथ्वी से परे एक और जीवन की खोज लगातार जारी है। पहली बार मंगल ग्रह से पृथ्वी ग्रह पर एक संकेत भेजा गया है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अंतरिक्ष एजेंसी एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर (टीजीओ) ने मंगल के चारों ओर अपनी कक्षा से एक एन्कोडेड संदेश भेजा, ताकि एक ऐसी स्थिति को क्रिएट किया जा सके जो हमें भविष्य में किसी अन्य सभ्यता से वास्तविक संकेत प्राप्त करने पर होगी। ए साइन इन स्पेस प्रोजेक्ट पर कार्य करने वाली डेनिएला डी पाउलिस ने कहा कि इतिहास में, मानवता ने शक्तिशाली और परिवर्तनकारी घटनाओं में अर्थ की खोज की है। एक अलौकिक सभ्यता से एक संदेश प्राप्त करना पूरी मानव जाति के लिए एक गहरा परिवर्तनकारी अनुभव होगा। सर्च फॉर एक्सट्राटेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस (सेटी) संस्थान में काम करने वाली पाउलिस एक अलौकिक संदेश को डिकोड करने और व्याख्या करने की प्रक्रिया का पता लगाने के लिए एक परियोजना बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की एक टीम को एक प्लेटफार्म पर लेकर आई हैं। बता दें कि परियोजना के हिस्से के रूप में यूरोपीय प्रोब द्वारा सिग्नल भेजा गया था और ग्रीन बैंक टेलीस्कोप (वेस्ट वर्जीनिया), मेडिसिना रेडियो एस्ट्रोनॉमिकल स्टेशन (इटली), एलन टेलीस्कोप ऐरे (कैलिफोर्निया) और वेरी लार्ज ऐरे द्वारा प्राप्त किया गया था। गौरतलब है कि संदेश को डी पाउलिस और उनकी टीम द्वारा डिजाइन और एन्कोड किया गया था। हालांकि वर्तमान में इसका खुलासा नहीं किया गया है।

## जापानी तट के करीब उड़ान भरे रूस के टोही विमान

### –जापान ने गश्त के लिए भेजा लड़ाकू विमान, भागे रूसी विमान

टोक्यो । रूस के टोही विमानों ने जापानी तट के करीब उड़ान भरी। इसे देख जापान ने अपने लड़ाकू विमानों को तुरंत उस इलाके में गश्त के लिए भेज दिया। जापानी लड़ाकू विमानों को आते देख रूसी टोही विमान अंतरराष्ट्रीय हवाई सीमा में वापस चला गया। जापान ने बताया कि रूस की खुफिया जानकारी इकट्ठा करने वाले विमानों ने गुरुवार को जापान सागर में काफी अंदर तक घुस आए थे। जापानी रक्षा मंत्रालय ने मीडिया को बताया कि एक रूसी विमान ने जापान के उत्तर से नीचे अपने पश्चिमी तट के साथ उड़ान भरी, वहीं दूसरे ने इसके ठीक विपरीत रास्ता अपनाया। जापानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी टोही विमानों को आते देख जापानी सेल्फ डिफेंस फोर्स की उत्तरी वायु सेना कमांड और दूसरी इलाकों के लड़ाकू विमानों को तुरंत एयरबॉर्न किया गया। इन लड़ाकू विमानों को आते देख रूसी टोही विमान अंतरराष्ट्रीय हवाई सीमा के अंदर चले गए। जापान ने दावा किया है कि इस दौरान उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन नहीं किया गया, हालांकि माहौल को देख सतर्कता के लिए तुरंत ही लड़ाकू विमानों को तैनात किया गया। जापान ने इस घटना के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी है। यह घटना जापान में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के शामिल होने के कुछ दिनों बाद हुई है। जापान ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर रूस पर प्रतिबंधों का समर्थन किया था। जापान लगातार रूस के खतरे को दुनिया के सामने उठाता रहा है। जापान की नई रक्षा नीति में भी एशिया में रूस की सैन्य शक्ति और चीन के साथ दोस्ती को एक बड़ा खतरा बताया गया है। पिछले साल मई में टोक्यो में अमेरिका के नेतृत्व वाले क्वाड समूह की बैठक के तुरंत बाद चीनी और रूसी लड़ाकू विमानों ने जापान के पास संयुक्त उड़ानें भरीं थी। हाल में ही रूस ने जापान सागर में मिसाइलों का भी परीक्षण किया और सैन्य अभ्यास भी आयोजित किया है। रूस जापान को एक शत्रुतापूर्ण देश मानता है। रूस की इस लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के अलावा कई दूसरे नाटो देश शामिल हैं। रूस और जापान कुरील द्वीप समूह को लेकर भी एक दूसरे से उलझे हुए हैं।



रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और यूरेशियन मामलों के लिए चीनी विशेष दूत ली हुई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मास्को में वार्ता की।

## बड़ी टेक कंपनियां और कर्मचारियों को कर सकती हैं बाहर : मस्क



सैन फ्रांसिस्को । ट्विटर के निवर्तमान सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि सिलिकॉन वैली कंपनियां उत्पादकता को प्रभावित किए बिना और अधिक कार्यबल में कटौती कर सकती हैं। मस्क ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में 80 प्रतिशत से अधिक ट्विटर कर्मचारियों को हटा दिया था। लंदन में एक शिखर सम्मेलन में मस्क ने कहा कि ट्विटर पर बहुत सारे लोग हैं, जो बहुत अधिक मूल्यवान नहीं लगते हैं। उन्होंने कहा ?कि मुझे लगता है कि कई सिलिकॉन वैली कंपनियों में यह सच है। मुझे लगता है कि अन्य कंपनियों में उनकी उत्पादकता को प्रभावित किए बिना, वास्तव में उनकी उत्पादकता में वृद्धि के बिना महत्वपूर्ण कटौती की संभावना है। मस्क ने सम्मेलन में उपस्थित लोगों से कहा कि ट्विटर के पास अब लगभग 1,500 कर्मचारी हैं, यह कहते हुए कि यह शायद एक उचित संख्या है। ट्विटर ने अपने तीन भारतीय कार्यालयों में से दो को बंद कर दिया और अपने कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया। नवंबर में, मस्क ने भारत में अपने 90 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को निकाल दिया था। मस्क ने कहा था, हमें अत्यधिक कट्टर होने की आवश्यकता है। केवल असाधारण प्रदर्शन ही पासिंग ग्रेड का गठन करेगा।

# 'नाटो प्लस' में भारत को शामिल करने की सिफारिश

### अमेरिकी संसद की एक शक्तिशाली समिति ने यह पहल की

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी संसद की एक शक्तिशाली समिति ने 'नाटो प्लस' में भारत को शामिल करने की सिफारिश की है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका की अगले महीने यात्रा करने वाले हैं। नाटो प्लस यानी नाटो प्लस 5 एक सुरक्षा व्यवस्था है, जो नाटो और पांच गठबंधन राष्ट्रों ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, इजराइल और दक्षिण कोरिया को वैश्विक रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए साथ लाती है। भारत को इसमें शामिल करने से इन देशों के बीच खुफिया जानकारी निर्बाध तरीके से साझा हो पाएगी और भारत की बिना किसी समय अंतराल के आधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी तक पहुंच बन सकेगी। अमेरिका और चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के बीच सामरिक प्रतिस्पर्धा संबंधी सदन की चयन समिति ने भारत को शामिल कर नाटो प्लस को मजबूत बनाने समेत ताइवान की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए एक नीति प्रस्ताव पारित कर दिया। इस समिति की अगुवाई अध्यक्ष माइक गालाघर और रैंकिंग सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने की।



अमेरिकी चयन समिति ने कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ सामरिक प्रतिस्पर्धा जीतने और ताइवान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका को हमारे सहयोगियों और भारत समेत सुरक्षा साझेदारों के साथ संबंध मजबूत करने की आवश्यकता है। नाटो प्लस में भारत को शामिल करने से हिंद प्रशांत क्षेत्र में सीसीपी की आक्रामकता को रोकने और वैश्विक सुरक्षा मजबूत करने में अमेरिका तथा भारत की करीबी साझेदारी बढ़ेगी।

भारतीय-अमेरिकी रमेश कपूर ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सिफारिश को राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार कानून 2024 में जगह मिलेगी और अंततः यह कानून बन जाएगा। रमेश कपूर पिछले 6 साल से इस प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने राजकीय यात्रा पर अमेरिका आएंगे।

## जो हो रहा है वो समाधान नहीं, बैकफुट पर आए इमरान, सरकार से की बातचीत की अपील

**लाहौर (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तारीख-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने शहबाज शरीफ के शासन वाली सरकार से राज्य के अधिकारियों के साथ उनके लिए तत्काल बैठक की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। पीटीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और समर्थकों पर देशव्यापी कार्रवाई के बाद उन पर बढ़ते दबाव के बीच खान का राज्य के अधिकारियों से मिलने का फैसला आया है। इमरान ने यू-ट्यूब पर प्रसारित एक लाइव टॉक में कहा कि मैं बातचीत की अपील करना चाहूंगा क्योंकि वर्तमान में जो हो रहा है, वह समाधान नहीं है।

इस महीने की शुरुआत में इमरान खान को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में गिरफ्तार किए जाने के बाद पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अपने सबसे बड़े राजनीतिक संकट का सामना करना पड़ा। 9 मई को संकट के बाद पीटीआई के कई सदस्यों ने पार्टी छोड़ने की घोषणा की। राजनेता मलीका बुखारी ने इस्लामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं 9 मई को हुई घटनाओं की निंदा करती हूं। हर



पाकिस्तानी के लिए, 9 मई को हुई घटनाएं बहुत दर्दनाक हैं।

### जमान पार्क आवास के लिए तलाशी वारंट रद्द करने का आग्रह किया

पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान ने लाहौर की आतंकवाद-रोधी अदालत में एक याचिका दायर की है, जिसमें 18 मई को उनके ज़मान पार्क आवास के लिए जारी किए गए तलाशी वारंट को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में, इमरान खान ने राज्य, लाहौर के आयुक्त, डीआईजी संचालन लाहौर, एसएसपी संचालन लाहौर और अन्य को प्रतिवादी के रूप में नामित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से तलाशी वारंट हासिल किया।

## पाक में पानी के प्रवाह को कम करेगा भारत? सिंधु जल के 'दुरुपयोग' को रोकने के लिए मोदी सरकार ने क्या बनाई योजना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने सिंधु जल संधि के संबंध में बैठक की है। अधिकारियों की बैठक में बताया गया कि सिंधु बेसिन परियोजनाओं के कामों में भारत ने प्रगति की है। सिंधु जल संधि के तहत भारत के अधिकारों को लागू करने के प्रभारी एक अंतर-मंत्रालयी कार्य समूह ने एक बैठक में देश के नदी जल अधिकारों के उपयोग में सुधार के लिए जम्मू और कश्मीर में कई पनबिजली परियोजनाओं को पूरा करने के महत्व पर जोर दिया। बता दें कि संधि में संशोधन को लेकर भारत द्वारा पाकिस्तान को दिए गए अल्टीमेटम के महीनों बाद यह बैठक हुई और इसमें डिप्टी एनएसए विक्रम मिस्री सहित उच्च पदस्थ अधिकारियों ने भाग लिया।

सिंधु जल संधि के तहत अपने अधिकारों के इस्तेमाल को सुनिश्चित करने के लिए जम्मू कश्मीर में दूसरी बैठक की गई है। बैठक की अध्यक्षता भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विक्रम मिस्री ने की। उन्होंने राज्य में हाइड्रोन पावर के प्रगति की समीक्षा की है। बैठक में जम्मू कश्मीर विद्युत विकास निगम ने कहा कि भारत ने कई हिस्सों में बढ़त हासिल की है। विभाग ने काम को समय पर पूरा करने पर जोर दिया है।

# अमेरिका में एच-1बी वीजा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की कमी को दूर करने में मदद करेगा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी कांग्रेस की दो महिला सदस्यों ने देश में उपयुक्त आवेदक नहीं मिलने की स्थिति में एच1-बी वीजा पर विदेशी कर्मचारियों को नौकरी पर रखना डिपॉर्टमेंट ऑफ वेटरन अफेयर्स के लिए आसान बनाने के लिए एक विधेयक पेश किया है। कांग्रेस सदस्य रशीदा तलीब और डेलिया रामिरेज द्वारा पेश एक्सपैंडिंग हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स फॉर वेटरन्स एक्ट, अमेरिका में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की कमी को दूर करने में मदद करेगा, जो अप्रवासी स्वास्थ्य कर्मचारियों, जो एच1-बी वीजा धारक हैं, को सेवाएं प्रदान करने की अनुमति देगा। बिल भूतपूर्व सैनिकों





के मामलों के विभाग और राज्य के दिग्गजों के घरों को एच1-बी वीजा कार्यक्रम के उद्देश्यों के लिए अधिकतम छूट वाले संस्थानों के रूप में निर्दिष्ट करता है। वयोवृद्ध मामलों की सदन समिति के सदस्य कांग्रेस महिला रामिरेज ने कहा, हमारा कर्तव्य है कि हम अपने पूर्व सैनिकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखें, जो हमारे देश में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से प्रभावित हो रहे हैं। हम अपने समुदायों में अप्रवासियों के साथ इस कमी को दूर कर सकते हैं जो तैयार हैं और काम करना चाहते हैं, लेकिन कई बाधाओं का सामना करते हैं। डेट्रायट वीए मेडिकल सेंटर को लगभग अपने क्लिनिक को बंद करने के बाद दिग्गजों के लिए विस्तारित स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता अधिनियम विकसित किया गया था, जो 90 से अधिक स्थानीय दिग्गजों को जीवन रक्षक देखभाल प्रदान करता है। कांग्रेस महिला कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, प्रतिनिधि तलीब का हस्तक्षेप क्लिनिक को बंद होने से रोकने में सक्षम था और यह बिल यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है कि भविष्य में ऐसी स्थिति फिर से उत्पन्न न हो।

## 23वें आइफा में गंगूबाई काठियावाड़ी ने तीन टेक्निकल अवॉर्ड्स जीते

### – म्यूजिक कार्यक्रम की शुरूआत पलक मुच्छल के डांस परफॉर्मेंस से हुई

**अबू धाबी (एजेंसी)।** संजय लीला भंसाली की आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी ने भारतीय फिल्म अकादमी और पुरस्कार (आईफा) रॉक नाइट में तीन टेक्निकल अवॉर्ड्स जीते, जिसने शुक्रवार रात को यस द्वीप में आईफा के तीन दिवसीय 23वें एडिशन की शुरुआत की। फिल्म को मिले अवॉर्ड सिनेमाटोग्राफी (सुदीप चटर्जी), स्क्रीनप्ले (संजय लीला भंसाली और उत्कर्षिनी वशिष्ठ), और डायलॉग (उत्कर्षिनी वशिष्ठ और प्रकाश कपाड़िया) के लिए थे। गंगूबाई काठियावाड़ी के बाद अनीस बज्मी की हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 थी, जिसमें कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी थे, उन्होंने टाइटल ट्रैक (बॉस्को सीजर) और साउंड डिजाइन (मंदार कुलकर्णी) कोरियोग्राफी के लिए दो अवॉर्ड जीते। अजय देवगन की क्राइम थ्रिलर दृश्यम 2 को एडिटिंग के साथ-साथ रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की एक्शन एडवेंचर ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन शिवा, ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की विक्रम वेधा और और राजकुमार राव, हुमा कुरैशी और राधिका आप्टे अभिनीत मोनिका ओ माय डार्लिंग को अवॉर्ड मिला। कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान और राजकुमार राव द्वारा प्रस्तुत अमित त्रिवेदी, बादशाह, सुनिधि चौहान, सुखबीर सिंह, पलक मुच्छल और यूलिया वंतूर शोभा द्वारा म्यूजिक परफॉर्मेंस की शाम को अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। म्यूजिक कार्यक्रम की शुरूआत पलक मुच्छल के डांस परफॉर्मेंस से हुई, उसके बाद फराह खान ने भी प्लेटफॉर्म पर अपना डांस किया। राजकुमार राव ने मैं हूं ना गाना बजाते हुए स्टेज संभाला और दोनों ने कुछ कुछ होता है का एक सीन रीक्रिएट किया, जिसमें दोनों ने भीड़ का अभिवादन किया और दोस्ती के बारे में मजेदार बातचीत की।

# वरिष्ठ सदस्यों के पलायन करने के बाद इमरान की पार्टी का खेल खत्म: मरियम नवाज

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इमरान खान की पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों का पाकिस्तान से पलायन करने के बाद खेल खत्म हो गया है। मरियम नवाज ने पाकिस्तान के वेहारी में पीएमएल-एन के युवा सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 9 मई की घटनाओं के बारे में बात की, जिस दिन इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था। उस दिन पूरे पाकिस्तान में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

इमरान खान की पार्टी से एक के बाद एक बड़ा नेता किनारा करता जा रहा है। इस पर तंज कसते हुए मरियम नवाज ने कहा कि लोगों की लाइन लगी है। उन्होंने कहा कि जब नेता ही गीदड़ है तो लोग उसके साथ कैसे खड़े होंगे? मीडिया के अनुसार मरियम ने कहा कि आपके लोग ही खुलासा कर रहे हैं कि इमरान खान ही 9 मई की घटनाओं का मास्टरमाइंड हैं। मरियम ने कहा कि इमरान खान 9 मई के आतंकवाद के मास्टरमाइंड थे, लेकिन उनके कार्यकर्ता आतंकवाद विरोधी अदालत का सामना कर रहे हैं। मरियम ने कहा कि आपका यानी इमरान खान समय समाप्त हो गया है और कोई भी अगले चुनावों में पीटीआई का टिकट लेने की कोशिश नहीं करेगा।

मरियम का ये तंज इमरान खान के ऊपर बड़ी सैन्य कार्रवाई की ओर इशारा कर रहा है। पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद नौ मई को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमलों में संलिप्तता को लेकर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाने के लिए अब तक केवल 33 आरोपियों को अधिकारियों को सौंपा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि इमरान खान पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के हजारों समर्थकों ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से पार्टी प्रमुख खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद सैन्य और असैन्य भवनों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी थी, जिसके बाद हिंसा में लिप्त लोगों को गिरफ्तार करने और दंडित करने के लिए कार्रवाई शुरू की गई।



CMYK

# चुनाव समीप आते ही शुरू हुआ वॉल पेंटिंग का दौर,सभी पार्टी के नेता करा रहे वॉल पेंटिंग

» बैकुंठपुर जनपद उपाध्यक्ष ने भी कराई वॉल पेंटिंग, सरकार की योजनाओं का वॉल पेंटिंग में किया बखान

» मनेंद्रगढ़ विधानसभा में वॉल पेंटिंग को लेकर आई दूसरी ही तस्वीर,विधायक महापौर के लिए किया गया अभद्र भाषा का प्रयोग

» मनेंद्रगढ़ विधायक एवं उनकी महापौर पत्नी को लेकर लिखे गए अभद्र लेख की हो रही चौतरफा आलोचना

» राजनीति में विरोध का भी होता है सादगी भरा तरीका,अभद्र भाषाओं का प्रयोग राजनीति में अच्छी पहल नहीं

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,एमसीबी 27 मई 2023 (घटती-घटना)।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं राजनीतिक दलों की सक्रियता भी बढ़ती देखी जा रही है। प्रदेश में वैसे तो दो ही प्रमुख राजनीतिक दल हैं जिनके बीच ही अंतिम मुकाबला होगा ऐसा माना जाता है और दोनो ही अब अपने अपने प्रचार में जुट गए हैं। प्रदेश में वर्तमान में विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा जहां सरकार को कई मोर्चे पर घेरने का काम कर रही है वहीं अब सत्ताधारी दल और भाजपा अपने अपने प्रचार अभियान में भी जुटते नजर आ रहे हैं। प्रचार के लिए दोनो ही दल कांग्रेस और भाजपा वॉल पेंटिंग का सहारा ले रहें हैं और अब जगह जगह वॉल पेंटिंग देखा जा रहा है जिसमे दोनो ही दल अपने प्रचार प्रसार में व्यस्त हैं। वॉल पेंटिंग हर जगह देखा जा सकता है और सड़कों के किनारे की बात हो या गली मोहल्ले की दीवारों की बात हो हर जगह वॉल पेंटिंग का कार्य जारी है और सबसे ज्यादा शासकीय भवनों पर दीवारों पर या सड़क किनारे के दीवारों पर वॉल पेंटिंग देखा जा रहा है जिसमे जहां सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धि गिनाने में लगी हुई है शासन की योजनाओं का बखान कर रही है वहीं भाजपा अपना प्रचार कर रही है।

वॉल पेंटिंग मामले में कुछ आपत्तिजनक मामला भी सामने आया है जो मनेंद्रगढ़ विधानसभा से समाने आया है जिसमे मनेंद्रगढ़ विधायक और उनकी महापौर पत्नी को लेकर आपत्तिजनक वॉल पेंटिंग की गई है जो अब यह सवाल खड़ा कर रही है की राजनीति में क्या शब्द मर्यादा का ध्यान रखना या ऐसी परंपरा समाप्त होती जा रही है और अब किसी जनप्रतिनिधि या विपक्ष के लिए ऐसे ही अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जायेगा जो मनेंद्रगढ़ विधानसभा में देखने को मिला है। वैसे यह वॉल पेंटिंग किसने की है और इसमें किसका हांथ है यह तो स्पष्ट नहीं है लेकिन जो कुछ आपत्तिजनक लिखा गया है वह जरूर विधायक और महापौर को न चाहने वालों ने लिखा है यह तय है और यह सही नहीं कहा जा सकता।







### मनेंद्रगढ़ विधायक उनकी महापौर पत्नी को लेकर लिखी गई आपत्तिजनक बातें

मनेंद्रगढ़ विधानसभा में वॉल पेंटिग का काम दोनो ही दलों भाजपा और कांग्रेस की तरफ से जारी है और दोनो ही दल और उनके नेता अपने अपने दल का प्रचार कर रहें हैं और जनता के सामने अपनी बात रख रहें हैं लेकिन मनेंद्रगढ़ विधानसभा में वॉल पेंटिग मामले में तब एक नया घटनाक्रम सामने आया जब मनेंद्रगढ़ विधायक और उनकी महपौर पत्नी साथ ही उनके खास समर्थक साथ ही पार्षद को लेकर अमर्यादित वॉल पेंटिग की गई। मामला चिरमिरी का बताया जा रहा है जहां यह अमर्यादित वॉल पेंटिग की गई है। वैसे वॉल पेंटिग किसने की यह तो स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है लेकिन इसकी हर तरफ आलोचना हो रही है और इसे सही नहीं माना जा रहा है।

### क्या राजनीति में विरोध वॉल पेंटिंग के जरिए अमर्यादित टिप्पणी कर जताना उचित है,सवाल?

मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक और उनकी महापौर पत्नी साथ ही उनके समर्थक पार्षद के वॉल पेंटिग में जो कुछ लिखा गया है क्या उसे विरोध का राजनीतिक विरोध का बेहतर तरीका कहा जा सकता है। क्या राजनीति में अब अमर्यादित टिपण्णी का ही सहारा लेना उचित रह गया है यह एक बड़ा सवाल है। जिस भाषा और जिस तरह के लेख का प्रयोग वॉल पेंटिग में विधायक और उनसे जुड़े लोगों के लिए किया गया है उसे कहीं से न्यायोचित या सही नहीं ठहराया जा सकता है इसकी आलोचना ही की जा सकती है।

### राजनीति में विरोध दर्ज करने के भी हैं अपने और बेहतर तरीके,राजनीति में मर्यादा का उलंघन कतई सही नहीं

राजनीति में यह आम है की परस्पर राजनीतिक दल एक दूसरे का विरोध करते ही रहते हैं और विरोध और राजनीतिक दल आपसी विरोध को ही अपनाकर सत्ता प्राप्ति का प्रयास करते हैं। राजनीति में विरोध के लिए राजनीतिक दलों को मंच मिला हुआ है और वह उसके माध्यम से यह अन्य प्रचार माध्यम से यह विरोध दर्ज कर सकते हैं। विरोध दर्ज करते समय राजनीतिक दलों को यह भी ध्यान रखना होता है की विरोध अपनी जगह है लेकिन किसी की भावनाओं को किसी की व्यक्तिगत छवि को इससे नुकसान न पहुंचे और सभी कुछ मर्यादा के भीतर हो और राजनीति की सुचिता बरकरार रहे। किसी भी दल या व्यक्ति को राजनीति में यह अधिकार कतई नहीं मिलता की वह व्यक्तिगत रूप से हमला करे या किसी के लिए अमर्यादित कोई टिपण्णी करे।

### मनेंद्रगढ़ विधायक के संदर्भ में की गई आपत्तिजनक वॉल पेंटिग की हो रही चौतरफा आलोचना

मनेंद्रगढ़ विधायक और उनकी महापौर पत्नी को लेकर की गई आपत्तिजनक वॉल पेंटिग की हर तरफ आलोचना हो रही है। लोगों का मानना है की यदि विधायक की और महापौर के कार्यकाल में खामियां हैं तो उसे जनता के बीच मर्यादा के साथ भी लेकर जाया जा सकता है और कमियों और खामियों को जनता को गिनवाया जा सकता है इसके लिए समय समय पर मंच राजनीतिक दलों को मिलते ही रहते हैं।। विरोध का यह तरीका राजनीति में बिल्कुल सही नहीं है यह लोगों का अपना मत है।

### बैकुंठपुर जनपद उपाध्यक्ष भी करा रहीं वॉल पेंटिग,गिनवा रहीं सरकार की उपलब्धि

बैकुंठपुर जनपद उपाध्यक्ष भी हाल फिलहाल में सक्रिय नजर आ रही हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में यह पहला अवसर है जब उन्हे पार्टी का प्रचार व्यापक तौर पर करते देखा जा रहा है। कभी विधायक की करीबी रहीं और वर्तमान में उनसे दूर चल रहीं जनपद उपाध्यक्ष वॉल पेंटिंग के जरिए शासन और सरकार की बड़ाई करती नजर आ रही हैं। हाल फिलहाल में जनपद उपाध्यक्ष की सक्रियता काफी बढ़ी हुई नजर आ रही है और यह भ्रमण भी करती नजर आ रही हैं और लगभग हर समाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रही हैं।

## नपा निगम चिरमिरी की तीन मांगों को लेकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंदन गुप्ता ने चिरमिरी आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
चिरमिरी 27 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के अंतर्गत आने वाले नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र की तीन मांगों को लेकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंदन गुप्ता ने नगर पालिक निगम चिरमिरी आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, चंदन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिक निगम सीनरी में कार्यरत स्थाई एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन का भुगतान पिछले 4 और 3 महीने से नहीं हुआ है जिसे जल्द से जल्द भुगतान कराया जाए इसी के साथ नगर पालिक निगम सिमरी क्षेत्र में पिछले 2 माह से पेयजल के नाम पर मटमैला पानी की सप्लाई की जा रही है, इसे भी जल्द से जल्द सुधार करते हुए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाए इसके अलावा तीसरी मांग चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र में पूर्व में 7 सिटी बस संचालित थी लेकिन वर्तमान में केवल दो सिटी बस चल रही हैं बाकी पांच सिटी बस गैरेज में खड़ी है कृपया इन्हें जल्द से जल्द खड़ी बसों को संचालित कराने की मांग की है साथ ही कहा है कि यदि तीनों मांगों को लेकर जल्द कोई कार्यवाही नहीं होती है तो मैं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम के सामने आंदोलन करने पर मजबूर हो रहूंगा जिसका पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी चंदन गुप्ता के साथ में भाजपा कार्यकर्ता मनदीप गिरी, भगवान परीडा, तहसीलदार यादव रोहित, कुमार नरेंद्र साहू उपस्थित रहे।



## बिना निविदा सामग्री की खरीदी अब भुगतान व गुणवत्ता को लेकर पंचायत असमंजस में !

» अन्य जिलों में मशीन क्रय के लिए निविदा किन्तु कोरिया में नही हुआ निविदा

- रवि सिंह -
कोरिया 27 मई 2023 (घटती-घटना)।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं ग्रामीणों को गांव में ही लघु उद्योग स्थापित करने की सुविधा प्रदान करने के लिए आदिवासी बाहुल्य आकांक्षी जिला कोरिया व एमसीबी में स्थापित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) के उद्देश्यों की पूर्ति अधिकारी के हस्तक्षेप से नहीं हो पा रही। उद्घाटन के डेढ़ माह बाद भी कुछ औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियां शुरू नहीं हो सकीं। दो करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे शेड निर्माण में कई कार्य अधूरे हैं। कुछ स्थानों पर विद्युतीकरण का कार्य भी पूरा नहीं हो सका। जिम्मेदार विभागों के मॉनिटरिंग में ढिलाई की वजह से शासन की परिकल्पना साकार नहीं हो सकी।

यहां बताना होगा कि ग्रामीण औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने कोरिया व एमसीबो जिले में दस रीपा केन्द्र बनाये जा रहे हैं। किन्तु अब अधिकारियों के हस्तक्षेप से निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत परेशान हैं जहा जानकारी अनुसार दोनों जिलों में बिना ग्राम पंचायत एजेंसी के निविदा जारी हुए किसी एक फर्म ने सामग्री की सफ्लाई कर दी है जिसकी कीमत ज्यादा है जबकि जिले में यह मशीन कम कीमत में उपलब्ध हो जा रही जिससे अब ग्राम पंचायत भुगतान को लेकर परेशान हैं क्यो की बिना निविदा जो सामग्री आ गई है उनमें कमीशन की सुगबुगाहट हैं वही सामग्री की गुडवत्ता को लेकर भी कुछ पंचायत में नाराजगी देखने को मिल रही है क्यो की निर्माण एजेंसी को भविष्य में इस मे फसने की आशंका हैं क्यो की अधिकारियों के दबाव में मशीन लेंगे तो इसकी देखरेख की जिम्मेदारी किसकी होगी साथ ही जिन मशीनों की आवश्यकता नही है वे मशीन भी जिले में आ गए हैं कुछ पंचायत ने तो बिना निविदा लगभग 15 लाख से ऊपर भुगतान भी कर दिया जबकि सामग्री भेजने वाले संस्था ने अब तक कुछ मशीनों को दिया भी नही वही भुगतान के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच को दबाव दे रहे आखिर कोरिया जिले में यह सब किस अधिकारी के संरक्षण में हो रहा अब यह दोनों जिलों में चर्चा का विषय बना हुआ है जब कि एक ग्राम पंचायत ने तो भुगतान करने से ही मना कर दिया जिससे कोरिया व एमसीबी जिले में अब अधिकारी के दबाव में सामग्री खरीदी व भुगतान को लेकर विरोध होने की संभावना हैं।




विदित है कि 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों जिले के सभी 10 रीपा केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन हुआ था। लेकिन आज पर्यन्त यहां के रीपा की संरचनाएं पूर्ण नहीं हो पाई। पड़ताल में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के शेड में न गेट लगा न विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ। यहाँ तक कि पहुंच मार्ग भी व्यवस्थित नहीं है। युवाओं एवं महिला स्व सहायता समूहों को अब भी औद्योगिक गतिविधियों में ट्रेनिगं दिया जा रहा। जिससे करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी रीपा की परिकल्पना कुछ हिस्सों में साकार नहीं हो सकी।

जबकि कोरिया व नवीन मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले में दस स्थानों पर बन रहे बीस करोड़ चौवन लाख तिरालीस हजार रूपये की लागत से बनने वाले रीपा (रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क) के लिए टेंडर न करना पड़े इसके लिए कार्यों को टुकड़ों टुकड़ों में बांट दिया गया है जब कि एक स्थान पर एक कार्य की स्वीकृति लागत लगभग दो करोड़ पाँच लाख तक थी जिसमे सभी जरूरी कार्य करने थे। नियमत- पचास लाख तक के कम को ग्राम पंचायत कर सकते हैं, लागत इससे अधिक होने पर निविदा करनी पड़ती। निविदा न करना पड़े इसके लिए कोरिया व एमसीबी जिले के जिला पंचायत कोरिया द्वारा सभी जगह रीपा को तीन से छह हिस्सों में स्वीकृति दी गई है।जबकि प्रदेश में कई जिलों में मशीन क्रय के लिए बाकायदा निविदा जारी की गई किन्तु कोरिया जिला पंचायत के पूर्व अधिकारी के निर्देश में ग्राम पंचायत को ही मशीन उपकरण क्रय करने का बिना निविदा एजेंसी तक बना दिया गया जिससे जिला पंचायत कोरिया के पूर्व अधिकारी के द्वारा निविदा नही करने को लेकर पूरे योजना में निर्माण व खरीदी को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं?

### सामग्री ख़रीदी का अन्य जिलों में निविदा तो कोरिया में टेंडर क्यों नही

इस पूरे प्रोजेक्ट में जो सबसे बड़ा और एक मात्र सवाल यही उठ रहा है कि जब काम पूरे प्रदेश में एक है। एक रीपा का काम कराया जा रहा है तो सभी जिलों में नियम अलग अलग क्यो। सामग्री क्रय करने टेंडर क्यों नहीं कराया गया। वही जब प्रदेश के दूसरे जिलों में बकायदा निविदा बुलाकर मशीन क्रय किया गया तो फिर कोरिया जिला पंचायत में निविदा नही करना है यह निर्देश किसने दिया जो कि अब जिले में चरचा का विषय बना हुआ है कि आखिर अधिकारी को जल्दबाजी की क्या मजबूरी थी! वही भेजी गई सामग्री जिले में उससे कम कीमत में उपलब्ध है तो अधिक भुगतान पंचायत से ही किस आधार पर जिसे लेकर सवाल उठना लाजमी हैं ।वही अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे।

### मनमानी का आरोप

भईया लाल राजवाड़े पूर्व विधायक व मंत्री बैकुंठपुर विधानसभा ने कहा की शासन का नियम है कि एक लाख से अधिक लागत की सामग्री होने पर टेंडर करना जरुरी है, लेकिन टेंडर किए बिना अपने करीबी लोगों को काम देने के लिए उच्च अधिकारी नियमों को ताक पर रख रहे हैं।जानकारी मिली है कि एजेंसी ग्राम पंचायत है किंतु मशीन की सफ्लाई एक विशेष फर्म से पूरे जिले में ओ भी दबाव में साथ ही राशि भुगतान के लिए ग्राम पंचायत को परेशान किया जा रहा हैं ।इसकी गुडवत्ता की जवाबदेही किसकी हैं। इसकी जांच होनी चाहिए।

# महादेव ने ललित राजवाड़े की जेसीबी से तोड़ा पक्का आहता,प्रशासन के निर्देश पर भरा था 50 हजार का बंध पत्र

**आईजी साहब की फटकार के बाद हरकत में आई थी चरचा पुलिस,जबरन कब्जा कराने और विशाल गेट काटने का लगा था आरोप।**

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 27 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया के बैकुण्ठपुर जनपद ग्राम खरवत स्थित भूखण्ड खसरा क्रं. 2102 में निर्मित पक्के अहाते को तोड़ने के लिये आरोपी महादेव ने गुपचुप तरीके से जेसीबी से आहते को तोड़ दिया इस घटना से प्रशासन पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। घटना 24 मई के प्रातः 8.00 बजे से लेकर प्रातः 9.00 बजे के बीच की बताई गई है।

इस संबंध में यह उल्लेखनीय है किए ग्राम.खरवत स्थित उक्त भूखंड बैकुण्ठपुर निवासी सुरेश चन्द्र बड़ेरिया व उनके भाई का है लगभग 70 साल से उक्त भूखंड पर उनका कब्जा है। उक्त भूखंड को आहता व गेट लगाकर सुरक्षित भी किया गया था और इसमें लोहे के एंगेल व चादर से एक झोपड़ी बनाकर विद्युत कनेक्शन भी लिया गया था साथ ही इसी भूखंड में एक छोटे कुएं का भी निर्माण पूर्व में कराया गया था। उक्त भूखंड में अपना दावा पेश करते हुए महुआपारा सरडी निवासी महादेव पिता धनसाय पनिका द्वारा दावा किया गया था। इस प्रकरण में तहसीलदार न्यायालय में महादेव पनिका पक्ष की हार हुई थी। उसके द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में अपील की गई थी। जहां पर उसे जीत मिली लेकिन दूसरे पक्षकार सुरेश चन्द्र बड़ेरिया द्वारा उक्त निर्णय के खिलाफ न्यायालय आयुक्त अंबिकापुर में अपील की गई थी। जहां पर प्रकरण विचाराधीन है।

चरचा पुलिस की सह पर हुआ उत्पात और तोड़ फोड़ महादेव पनिका द्वारा अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय में अपने पक्ष में निर्णय होने के बाद नियमानुसार कब्जा दिलाने की कार्यवाही नहीं की गई वरन अपने गुण्डे साथियों और महिलाओं को साथ में रखकर कब्जा लेने का प्रयास किया गया। सर्वप्रथम महादेव पनिका और उसके साथियों ने उक्त भूखंड में लगे लगभग दो क्विंटल के विशाल गेट और ऐंगल में लगे बोर्ड को गैस कटर से काट कर रातोंरात पार कर दिया गया। परिसर में रखा फावड़ा बेलचा जीआई शीट आदि भी चोरी कर लिया गया। मामले की रिपोर्ट चरचा थाने में दर्ज कराई गई। जहां पर चोरी की रिपोर्ट नहीं लिखी गई दो दिनों बाद पीड़ित पक्षकार द्वारा आनलाईन रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस पर आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं हुई। इस मामले में चरचा पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई। जब वो चोरी की घटना की जांच करने के बजाए जमीन के कागजात की मांग करने लगी लगातार एक सप्ताह तक उक्त भूखंड में लगभग 50.60 से ज्यादा और पुरूषों का गैंग मौजूद रहता था और पीड़ित पक्षकार को गाली गलौज कर धमकी देने का कार्य किया जाता था । महादेव पनिका पक्ष की महिलाओ की हौसले इतने बुलन्द थे किए उन्होनें चरचा पुलिस को भी गाली गलौज कर उनसे अभद्रता की। आसपास के मौहल्ले वाले इस बात से आश्चर्य चकित थे किए चरचा पुलिस के जवान गाली खाकर चुपचाप वापस चले जाते थे।







चरचा पुलिस के कहने पर महादेव पनिका ने अपने साथियों विष्णु लच्छन धारी चंद्रप्रकाश मानिक पुरी साबिर अलीए जानकी सुशीला सहित आदि के साथ लगातार मौके पर गैंतीए सब्बल आदि से पक्के अहाते को तोड़ना शुरू किया था। मामले की रिपोर्ट लगातार पुलिस थाना चरचा में दी गई। लेकिन उनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही थी। चरचा पुलिस के कुछ अधिकारी और जवानों ने कहा किए बैकुण्ठपुर में मैडम से मिलिए उन्हीं के आदेश से सब कुछ हो रहा है मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष द्वारा कोरिया एसपी् के साथ ही सरगुजा रेंज के आईजी से भी की गई। पांच दिनों बाद चरचा पुलिस हरकत में आई और प्रतिबंधक कार्यवाही शुरू की जिसके तहत् महादेव पनिका विष्णु और लच्छन धारी से 50-50 हजार रूपए का बाण्ड भरवाया गया। इस प्रक्रिया में भी चरचा पुलिस महादेव पनिका के पक्ष में बनी रही। महादेव पनिका के साथ लगातार कई दिनों तक 50-60 महिलाएं पुरूष डण्डा फरसा फावड़ा गैंती आदि लेकर खड़े रहते थे। लेकिन चरचा पुलिस ने केवल तीन लोगों महादेव पनिका विष्णु और लच्छन धारी के ही खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। जो कई आशंकाओं को प्रमाणित करता है।

### जेसीबी से आहता तोड़वाया

हद तो उस समय हो गई जब 50 हजार का बाण्ड भरने के बावजूद महादेव पनिका अपने साथियों के साथ जेसीबी लाकर 10 फीट उंचे पक्के आहते और कॉलम को तोड़कर धराशायी कर दिया। महादेव पनिका ने खरवत निवासी ललित राजवाड़े से इस कार्य को यह कहते हुए कराया किए यह मेरी जमीन है और मुझे एसडीएम द्वारा कब्जा दिला दिया गया है। इस प्रकरण की भी रिपोर्ट चरचा थाने में आनलाईन दर्ज कराई गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही न होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से शिकायत संपूर्ण मामले की जांच के लिए की गई है।

# सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट रिपा में हुआ जमकर भ्रष्टाचार,धरातल में कार्य कम भुगतान हुआ पूरा,हुई थी शिकायत,5 सदस्यीय जांच दल गठित

## प्रशासन जांच करने बरतरहा ढील,जनपद सीईओ,पीओ को लगे बचाने में

- ओंकार पाण्डेय-
सुरजपुर,27 मई 2023
(घटती-घटना)।

विवादों में रहने वाला प्रेमनगर जनपद पंचायत इन दिनों फिर सुर्खियों में है। यहां पदस्थ जनपद सीईओ और मनरेगा कार्यक्रम आधिकारी पर स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। बल्कि जिला पंचायत सहित अन्य पंचायत विभाग के अपर सचिव से लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग है। जिस पर प्रशासन ने जांच टीम का गठन कर 5 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि प्रेमनगर विकास खण्ड के एक युवक ने जिला पंचायत को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि विकास खंड प्रेमनगर के ग्राम पंचायत वृन्दावन को विकासखंड व् जिला स्तर पर की टीम द्वारा रिपा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाये जाने हेतु ग्राम वृंदवन के गौठान परिसर को चयन किया गया था। ग्राम को शासन से 52 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी, शासन की ओर से राशी जनपद पंचायत प्रेमनगर को जारी किया गया था. साथ ही निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया है। प्रेमनगर जनपद पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी निलेश सोनी द्वारा ग्राम पंचायत से बाहर के व्यक्ति से कमीशन लेकर कार्य दे दिया गया था, जिसका विरोध ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था, जनपद द्वारा प्रथम किश्त 40 प्रतिशत अग्रिम राशी ग्राम पंचायत को दिया गया था. और सरपंच सचिव पर दबाव बना कर चेक के माध्यम से भुगतान सीईओ निलेश सोनी के चेहेते ठेकेदार को करा दिया गया था. कार्य अधूरा था, और ग्राम पंचायत के सचिव हडताल में थे. इस दौरान प्रेमनगर जनपद सीईओ निलेश सोनी द्वारा पंचायत के सचिव पर निलम्बन, सर्विस बुक खराब करने सहित अन्य तरह के दबाव बनाकर पन्द्रह लाख - रूपये का एक चेक सम्बन्धित




ठेकेदार के नाम से कटवा दिया था। और कार्य धरातल में अधूरा था। तकनीकी विशेषज्ञ ने मूल्यांकन भी नही किया था। जिसके बाद भी चेक जनपद से ग्राम पंचायत के खाता में ट्रांसफर किया गया। 15 लाख का चेक को सम्बंधित ठेकेदार ने बाउंस होना बताया था जिस पर पंचायत के सचिव, सरपंच ने बाउंस चेक वापस करने की मांग की जिस पर प्रभारी सीईओ ने सरपंच सचिव से कहा कि चेक सप्ताह भर बाद डाक से प्राप्त होगा, बैंक से राशि एफटीपी करा दीजिये जनपद सीईओ के दबाव में आकर सचिव ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रेमनगर के बैंक से 15 लाख की राशि अपने बैंक खाता में ट्रांसफ़र करा लिया है। देखा जाए तो कुल बावन लाख का भुगतान कर दिया गया है. मौके पर देखेंगे की कार्य 60 प्रतिशत भी धरातल में नही हुआ है और भुगतान पूरा हो चुका है।

इस कार्य में जनपद सीईओ व् मनरेगा पीईओ की भूमिका संदिग्ध है. इस दोनो अफ़शरो के लापरवाही व भ्रष्टाचार निति के कारण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ड्रीम प्रोजेक्ट धरातल में दम तोड़ रहा है, प्रेमनगर विकास खंड के कई ग्रामो में गोठान अधूरा है, कागज में पूरा हो चुका है. साथ ही इस रिपा प्रोजेक्ट में वित् नियमो को ताक में रख है कार्य दिया गया है।

जनपद पंचायत प्रेमनगर के सीइओ व् महात्मा गाँधी रोजगार गांरटी योजना के कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र बैरागी के कार्य से जनपद पंचायत के क्षेत्र में असंतोष का निर्मित है. जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत में समस्त कार्य निम्न स्तर के है. कई कार्य जमीन पर अधूरा है और धरातल में पूरा हो चुका है. मनरेगा सहित अन्य कार्य में सीइओ व् पीओ द्वारा मोटी रकम कमीशन की मांग किया जाता है. जनपद के इंजिनियर द्वारा कई निर्माण कार्यो के साइड का चयन भी सही नहीं किया है कई कार्य, पुलिया, तट बंध का निर्माण उन जगहों पर बनाया गया है जहां आवश्यकता ही नही था, साथ ही इन कार्यों के गुणवक्ता पर ध्यान नही दिया गया है।

आवेदक ने जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी पर कार्यवाही करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज भी कराने की मांग की है। जिस पर जिला पंचायत 5 सदस्यीय जांच टीम गठित की है। इसके बाद कार्यवाही किया जायेगा। प्रशासन अपने अफसरो पर कार्यवाही करने में हाथ पांव फूलने लगा है। जबकि तत्काल प्रभाव से पद से पृथक कर जांच कराया जाना था।

# रामपुर विधान सभा क्षेत्र के पांचो मंडलो का प्रवास कार्यक्रम संपन्न

**जिला प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल रहे उपस्थित**

- संवाददाता -
कोरबा,27 मई 2023
(घटती-घटना)।




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा निर्धारित किए गए मंडलों के प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा अंतर्गत करतला, कुदमुरा, उरगा, बरपाली एवं गढ़ उपरोड़ा पांचों मंडलों में प्रवास कार्यक्रम भाजपा के जिला प्रभारी श्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों में भाजपा की मंडल प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा एवं सभी मंडलों की कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई।रामपुर विधानसभा के मंडल प्रवास कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला प्रभारी श्री श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा कि वर्ष 2018 के चुनाव में जहां छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी कम सीटों पर जीत कर आई थी, लेकिन इसके बावजूद भी रामपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के मेहनत की बदौलत रामपुर विधानसभा सीट भाजपा की झोली में आई थी । यह रामपुर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और निष्ठा की बदौलत ही संभव हो पाया था।उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता संगठन की रीति नीति सिद्धांतों को भली-भांति जानते हैं और मैं पूर्ण विश्वास से कह सकता हूं कि आगामी विधानसभा के चुनाव में भी निश्चित रूप से रामपुर विधानसभा में भाजपा का कमल खिलेगा। रामपुर विधानसभा के मंडलों के प्रवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोरबा के प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल, रामपुर विधायक व पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला महामंत्री टिकेश्वर सिंह राठिया के उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

# महापौर ने 97.63 लाख रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

- संवाददाता -
कोरबा,27 मई 2023
(घटती-घटना)।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 23 में 97.63 लाख रूपये की लागत से किए जा रहे सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। डामरीकरण के पूर्व बिछाये गये जी.एस.बी. के लेबल एवं उसका कंपेक्शन एवं कार्य की धीमी प्रगति को लेकर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि जी.एस.बी. और डब्ल्यू.एम.एम. डालते हुए सारे घटकों को निर्धारित अनुपात में डाले। कैम्बर को समुचित रूप से संधारण कर रोलिंग सही ढंग से कराये। कार्य की धीमी प्रगति को देखकर महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात प्रारंभ होने में अब अधिक समय नहीं बचा अतः कार्य की गति को बढ़ाते हुए



डामरीकरण कार्य शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कराये, जिससे यहॉ के आमनागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत विभिन्न सड़कों के डामरीकरण का कार्य 97.63 लाख रूपये की लागत से कराया जाना है। इस मौके पर महापौर प्रसाद ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के लगातार प्रयासों से कोरबा शहर तथा निगम के उपनगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले की सड़कों का कायाकल्प किया गया है। उन्होने कहा कि कोरबा शहर के सभी प्रमुख मार्गो व आवासीय तथा व्यवसायिक क्षेत्रों की सडकों की डामरीकरण, सड़कों का नवीनीकरण व जीर्णोद्धार के कार्य व्यापक पैमाने पर किए गए हैं, जो अभी निरंतर जारी हैं। कोरबा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सड़क संबंधी समस्त समस्याओं का सम्पूर्ण निदान किया गया है। निरीक्षण के दरम्यान एल्डरमेन रूपा मिश्रा, आरिफ खान, जय प्रकाश, राज जायसवाल, सी.वी.यादव, के.एल.मिश्रा, जयप्रकाश कौशिल, दिनेश शर्मा, संजय कुमार, छोटू यादव, जोन प्रभारी प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता योगेश राठौर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधानसभा स्तरीय काका कप कबड्डी प्रतियोगिता में बंजी पुरुष टीम का कब्ज़ा





» बंजी की ही महिला टीम ने सभी पंचायतो के खिलाड़ियों को दिया मात,जीता 31 हजार की बड़ी रकम

» विजयी पुरुष टीम को एक लाख तो विजयी महिला टीम को 31 हजार की निर्धारित की गई थी राशि

» जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत कौड़ीमार हुआ आयोजन

- संवाददाता -
खड़गवां 27 मई 2023
(घटती-घटना)।

बीते दो वर्षो से निरंतर युवा खिलाड़ियों को बढ़ावा देने मनेंद्रगढ़ विधायक की बड़ी पहल का अब धीरे धीरे समापन होता दिख रहा है जिसकी क्षेत्रीय विधायक डॉ. विनय जायसवाल के द्वारा चिरमिरी महोत्सिव का नाम दिया था। इसी तारतम्य में पिछले दो सप्ताह से चल रही विधानसभा स्तरीय काका कप कबड्डी प्रतियोगिता एवं बेटमिंटर प्रतियोगिता का समापन समारोह सभी हर्षो उल्लास के साथ समाप्त हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव और भिलाईगढ़ के विधायक श्री चन्द्र देव राय, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ.विनय जायसवाल, एनएसयुआई छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रभा पटेल. रजनीश पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।



मुख्य अतिथि श्री राय के साथ सभी अतिथियों ने कार्यक्रम के शुभ आरंभ में सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की. बीते दो दिवस से जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत कौड़ी मार में बीते 22 मई से 26 मई तक काका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका शुभारंभ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलों देवी नेताम के हाथों 22 मई को हुआ, जिसमें विभिन्न टीमों ने भाग लिया महिला टीम और पुरुष टीम दोनों ने ही अलग-अलग मैच खेला और मैच के फाइनल में महिला टीम की ओर से बंजी और जड़हरी के बीच मैच हुआ जिसमें ग्राम बंजी की महिला टीम ने प्रथम स्थान पर अपना कब्ज़ा जमाते हुए और ग्राम जड़हरी की महिला टीम को मात दी। और महिला टीम की विजयी राशि 31 हजार रुपए पर अपना कब्जा जमाया इसी क्रम पुरुष कबड्डी टीम में झगराखंड और ग्राम बंजी की पुरुष टीम के बीच फाइनल मैच का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम बंजी की युवा खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए एक लाख रुपए की बड़ी राशि को अपने नाम किया और झगरा खांड के युवा खिलाड़ियों को उप विजेता की निर्धारित 51 हजार रुपए की राशि की प्राप्त कर सके।

मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को पुरस्कार के साथ एक लाख और 51 हजार रुपए के साथ शील्ड और मेडल प्रदान किया। और सभी उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी साथ ही अच्छा खेलने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

जानकारी अनुसार कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में भारी जनसमूह देखने को मिला आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में कबड्डी प्रेमी और ग्रामवासी कबड्डी प्रतियोगिता को देखने उमड़े। अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और बिलाईगढ़ विधायक श्री चंद्रदेव राय ने कहा कि दोबारा डॉ विनय जायसवाल को जिताना है और इनको मंत्री बनाना है और प्रदेश के मुखिया डॉ भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री जिससे कि क्षेत्र का विकास और तेजी से हो और खिलाड़ियों के लिए सरकार अपना सहयोग प्रदान कर सके।

मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जयसवाल ने उपस्थिति खिलाड़ियों को अपने वक्तब्य में कहा कि हमारे मुखिया ने छत्तीसगढ़ मे खिलाड़ियों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दिया, छत्तीसगढ़ के जो पारंपरिक खेल थे भाजपा की सरकार ने 15 साल में सभी लोगों को वह खुलवा दिया था, हमारे मुखिया काका ने आज फिर हमारे छत्तीसगढ़ी खेलों को हमारे बीच में लाकर रखा है जो हमारी परंपरा के खेल हैं। आप अगली बार काका को फिर से मुख्यमंत्री बनाइए हम जीत की राशि दुगनी करने का वादा करते हैं।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने भी प्रदेश के मुखिया और विधायक डॉक्टर विनय जयसवाल की तारीफ करते हुए समा बांध दिया। जिसे सुनकर खिलाड़ियों के मन में खुशी देखने को मिली उन्होंने ताली बजाकर और भूपेश बघेल जिंदाबाद, चंद्र देव राय जिंदाबाद डॉ.विनय जायसवाल जिंदाबाद, नीरज पांडे जिंदाबाद के नारे लगाए।

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेल भावनाओं को समझते हुए खिलाड़ियों के लिए भरपूर प्रयास किया है साथ ही डॉ विनय जायसवाल ने पूरे विधानसभा क्षेत्र में सभी प्रकार के मैच करवा रहे हैं यह कांग्रेस की सरकार में ही संभव हो सका है। बहरहाल काका कप कबड्डी प्रतियोगिता देर रात्रि तक चलती रही और इसे देखने के लिए खेल प्रेमी इतने उत्साहित दिखाई दिए कि मैच के अंत में पुरस्कार वितरण तक वह अपने आप को रोक नहीं पाये और काका जिंदा है के गाने पर जमकर झूमते रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष, गुरुदेव पांडे, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# बूथ लेबल अधिकारी मतदान केंद्रों में घर-घर जाकर दावा आपत्ति प्राप्त कर नाम जोड़ने चलाएंगे अभियान

- संवाददाता -
कोरबा,27 मई 2023
(घटती-घटना)।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.10.2023 के संबंध में आयोग द्वारा द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें दिनांक 25.05.2023 से 23.06.2023 तक जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों हेतु नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम काटने, सुधार करने एवं नाम स्थानांतरण करने हेतु दावा / आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। दिनांक 02.08.2023 से 31.08.2023 तक एवं विशेष शिविर दिनांक 12.08.2023 (शनिवार). 13.08.2023 (रविवार) 19.08.2023 (शनिवार) 20.08.20223 (रविवार) के दौरान ऐसे नागरिक जिनकी आयु दिनांक 01.10.2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वे नाम जोड़ने हेतु प्रारूप-6 में आवेदन मय फोटो के साथ ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्र क्षेत्रों में निवासरत् नहीं है अथवा मृत हो गये है, अतः नाम विलोपित किये जाने के आवेदन प्रारूप-7 में, ऐसे मतदाता जिनके नाम / पिता/पति का नाम आयु गलत है सुधार कराये जाने हेतु प्रारूप-8 में तथा ऐसे मतदाता जो अन्यत्र निवास हेतु चले गये है के स्थानांतरण हेतु प्रारूप-8, द्वितीय प्रति मतदाता परिचय पत्र जारी करने हेतु प्रारूप - 8 आवेदन में संबंधित क्षेत्रांतर्गत मतदान केन्द्रों में उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी / अविहित अधिकारी / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों के समक्ष आवेदन कर सकते हैं। साथ ही साथ जिले के समस्त स्थानीय स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (रा. ) / तहसीलदार / बूथ लेवल अधिकारियों को प्रत्येक मतदाताओं से स्वेच्छानुसार आधार कार्ड प्राप्त कर मतदाता परिचय पत्र के लिंक किये जाने हेतु वैधानिक रूप से अधिकृत किया गया है इनसे संपर्क करने पर अथवा स्वयं से अपने मोबाइल पर ही अपना आधार कार्ड लिंक करना चाहते है तो मोबाइल में Play Store से Voter helpline मोबाईल Application Download करके या Online NVSP Portal के माध्यम से भी कर सकते हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्रं0/ अ-6-अ/2022-23

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुन्ती बाई आ0 श्यामनाथ,पति कुलन राम, व अन्य 01, जाति रजवार, निवासी ग्राम कंचनपुर ककना, तहसील राजपुर, जिला-बलरामपुर,छ0ग0 के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116, के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिकागण तथा अनावेदकगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम भकुरा में कुल खसरा नंबर 15 कुल रकबा 1.012 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिकागण का नाम त्रुटिवश संतरा तथा मीना दर्ज हो गया है, जबकि आवेदिकागण का वास्तविक नाम कुन्ती बाई आ0 श्यामनाथ तथा बसंती आ0 श्यामनाथ है। आवेदिकागण के द्वारा राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश नाम संतरा आ0 श्यामनाथ तथा मीना आ0 श्यामनाथ को सुधार कर सही नाम कुन्ती बाई आ0 श्यामनाथ तथा बसंती आ0 श्यामनाथ दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 7/6/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 10/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

## सीएसके और गुजरात टाइटंस के बीच फाइनल मुकाबला

# आज धोनी की जीत के साथ यादगार विदाई में रोड़ा अटका सकते हैं गिल

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पांचवां आईपीएल खिताब जीतकर अपनी 'विदाई को यादगार बनाना चाहते हैं, लेकिन उनकी राह में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल के रूप में ऐसी 'रन मशीन है जिसके बल्ले पर अंकुश लगाना इस सत्र में गेंदबाजों के लिए टेढी खीर साबित हो रहा है। आईपीएल फाइनल में 'मिडास टच के लिए मशहूर एक अनुभवी कप्तान का सामना एक युवा बल्लेबाज से है, जो तकनीक में भी माहिर है लिहाजा दर्शकों को मनोरंजन की पूरी सौगात मिलेगी।

एक भारतीय क्रिकेट का सुनहरा इतिहास है, तब दूसरा आने वाले उज्ज्वल कल सितारा हैं। करीब 19 साल पहले जब युवा धोनी भारतीय टीम में पदार्पण की तैयारी कर रहे थे तब चार साल का गिल पंजाब के फजिल्का गांव में अपने दादा द्वारा हाथ से बनाए गए बल्ले से अपने बड़े से खेत में खेल रहा था। रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर जब 132000 दर्शक जल्दी ही 42 वर्ष के होने जा रहे धोनी को शायद आखिरी बार पीली जर्सी में देखगें तब भारतीय क्रिकेट का भावी सुपरस्टार गिल अपने हाथ में आईपीएल की ट्रॉफी थामने को बेताब होगा। तीन शतक और 851 रन बना चुके गिल के बल्ले पर अंकुश लगाना धोनी की सीएसके के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। दीपक चाहर की स्विंग या रविंद्र जडेजा की विकेट पर गेंदबाजी। मोईन अली की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद या मथीषा पथिराना की सीधे पैर पर पड़ती गेंद, कोई नहीं जानता कि तकनीक के धनी गिल की एकाग्रता किस गेंद पर भंग होगी।

वहीं धोनी के प्रशंसक उन्हें अगले साल फिर खेलते देखना चाहते हैं, लेकिन पूरा आईपीएल उन्होंने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेला है लिहाजा उनके लिए अगले सत्र में फिर खेलना मुश्किल लग रहा है। इसलिए 'थाला (तमिल में बड़ा भाई) के प्रशंसकों के लिये यह धोनी के आखिरी मैच के हर पल को यादों में कैद करने का अवसर है। वह अधिकांश मैचों में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं लेकिन तुषार देशपांडे जैसे अनुभवहीन गेंदबाज और शिवम दुबे जैसे युवा बल्लेबाज को उन्होंने आत्मविश्वास दिया है। धोनी का करिश्मा कभी खत्म नहीं होगा। उनकी कप्तानी भारतीय क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा रहेगी। वहीं दूसरी ओर




गुजरात के पास हार्दिक पंड्या के रूप में ऐसा कप्तान है जिसका मानना है कि टीम की कप्तानी का एक ही तरीका है जो धोनी से उन्होंने सीखा है।

बल्लेबाज मैच जीतते हैं लेकिन गेंदबाज टूर्नामेंट जीतते हैं और यह टाइटंस ने साबित कर दिया है। मोहम्मद शमी (28 विकेट), राशिद खान (27 विकेट) और मोहित शर्मा (24 विकेट) ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। वहीं बल्लेबाजी में गिल के अलावा पंड्या ने 325 रन बनाए हैं। चेन्नई के लिये डेवोन कोंवे (625 रन), रूतुराज गायकवाड़ (564 रन), अजिंक्य रहाणे 13 मैचों में 299 रन बना चुके हैं, जबकि दुबे ने 386 रन बनाये हैं। इस आईपीएल में दुबे 33 छक्के लगा चुके हैं। गेंदबाजी में श्रीलंका के पथिराना ने 17 और देशपांडे ने 21 विकेट लिये।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान एवं विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा।

**गुजरात टाइटन्स:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

## ईशान को लगी कोहनी में चोट, डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए बढ़ी मुश्किलें



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** ईशान किशन को चोट लगने के कारण डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गौरतलब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने ओवल में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले ईशान किशन चोटिल हो गए। इस कारण वे आईपीएल 2023 के क्वालिफायर-2 में बल्लेबाजी करने भी नहीं उतरे। उनकी जगह नेहल वढेरा को ओपनिंग करना पड़ा और वे फेल भी रहे। किशन को चोटिल केएल राहुल की जगह पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वे शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुंबई इंडियंस के साथी खिलाड़ी क्रिस जॉर्डन से टकराने के कारण चोटिल हो गए। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन मुंबई इंडियंस की पारी के दूसरे ओवर में हार्दिक पंड्या की तेजी से उठती गेंद पर चोटिल हो गए। उनकी बायीं कोहनी पर गेंद लगी, जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। हालांकि उन्होंने बाद में वापसी की और 20 गेंदों पर 30 रन बनाए।

बता दें कि डब्ल्यूटीसी फाइनल 7 जून से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इसके लिए विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर जैसे कई खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। 24 साल के ईशान किशन वनडे में दोहरा शतक ठोक चुके हैं। वे टीम इंडिया की ओर से वनडे और टी20 खेल चुके हैं। उनका टेस्ट डेब्यू बाकी है। उनके फर्स्ट क्लास करियर की बात करें, तो उन्होंने 48 मैच में 39 की औसत से 2985 रन बनाए हैं। 6 शतक और 16 अर्धशतक लगाया है। इसमें 273 रन का बड़ा स्कोर शामिल है। वे ओवरऑल टी20 में शतक ठोक चुके हैं। ईशान किशन के आईपीएल 2023 के प्रदर्शन की बात करें, तो उन्होंने 30 की औसत से 454 रन बनाए। 3 अर्धशतक जड़ा। 75 रन उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा। वे ओवरऑल टी20 के 167 मैच में 4292 रन बना चुके हैं। 3 शतक और 24 अर्धशतक लगाया है।

## नेसर को अब भी मिल सकती है डब्ल्यूटीसी के लिए टीम में जगह: मैकडोनाल्ड

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि युवा खिलाड़ी माइकल नेसर ने काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। मैकडोनाल्ड के अनुसार अगर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो उसकी जगह ऑलराउंडर नेसर को जगह मिल सकती है। साथ ही कहा कि आगामी एशेज श्रृंखला में भी उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है। नेसर ने ग्लैमोर्गन काउंटी की ओर से अभी तक तीन पारियों में 123, 86 और 90 रन बनाए हैं। इसके बाद भी उन्हें अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम जगह नहीं मिली है पर कोच मैकडोनाल्ड ने कहा कि उन्हें अब भी अवसर मिल सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल में खेला जाएगा जबकि पांच टेस्ट मैचों की एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी।

## एशिया कप 2023: पाकिस्तान को लगा जोर का झटका, बीसीसीआई ने हाइब्रिड मॉडल को किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2023 को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बरकरार है। हालांकि पिछले दिनों खबर आई थी कि बीसीसीआई ने पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दे दी है। लेकिन अब विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि बीसीसीआई ने पीसीबी की ओर से पेश हाइब्रिड मॉडल को मानने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है। बीसीसीआई साफ तौर पर चाहता है कि एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में ना होकर किसी न्यूट्रल वेन्यू पर हो। बताया जा रहा है कि आईपीएल फाइनल के एक दिन बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह भारत आने वाले दूसरे देश के बोर्ड अधिकारियों से बैठक के बाद इस पर निर्णय ले सकते हैं। जय शाह एसीसी के भी अध्यक्ष हैं।

आईपीएल फाइनल में बीसीसीआई की ओर से बांग्लादेश अफगानिस्तान और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों को न्योता दिया गया है। जानकारी के मुताबिक के इन देशों के क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि आईपीएल फाइनल देखने के लिए अहमदाबाद पहुंचने वाले हैं। दरअसल, एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। लेकिन भारत ने साफ तौर पर कह दिया है कि उसकी टीम पाकिस्तान का सुरक्षा कारणों से दौरा नहीं करेगी। उसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी और बढ़ गई। हालांकि, श्रीलंका और बांग्लादेश ने भी भारत के बातों का समर्थन किया। इसी के बाद पाकिस्तान की मेजबानी पर संकट लगातार बरकरार है।

हालांकि पाकिस्तान की ओर से एक हाइब्रिड मॉडल पेश किया गया था। हाइब्रिड मॉडल के तहत भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले किसी अन्य देश में खेले जाएंगे जबकि बाकी देशों के मुकाबले पाकिस्तान में होंगे। इसको लेकर दावा किया गया था कि बीसीसीआई की ओर से सहमति दे दी गई है। लेकिन अब बीसीसीआई ने साफ तौर पर इस को खारिज कर दिया है। खबर यह भी थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच श्रीलंका में खेला जा सकता है हालांकि पीसीबी यह मैच दुबई में करवाना चाहता है।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए लंदन पहुंचे विराट कोहली, फैंस के लिए शेयर की सेल्फी

लंदन ।भारतीय टीम और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली लंदन पहुंच गए हैं। विराट भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून को लंदन के ओवल में होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए लंदन गए हैं। कोहली के साथ कई भारतीय टीम के खिलाड़ी जिनकी टीमें आईपीएल 2023 के प्लेऑफ में आगे नहीं बढ़ पाई हैं, वह भी टेस्ट चैंपियनशिप से पहले अभ्यास के लिए इंग्लैंड पहुंच गए हैं। कोहली ने शुक्रवार, 26 मई को एक सेल्फी साझा की, जिसमें उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने मैचिंग कैप और स्पेक्स के साथ ब्लैक टीशर्ट और ब्लू जैकेट पहनी है। कोहली इंग्लैंड में समय बिताना पसंद करते हैं और अक्सर अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ छुट्टियां मनाने वहां जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले विराट कोहली अपनी शीर्ष फॉर्म में हैं। गौरतलब है कि आईपीएल 2023 में कोहली ने बैक-टू-बैक शतक हिट किए और 14 मैचों में 639 रन बनाए, जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। कोहली अब टीम इंडिया के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे और दस वर्षों के बाद भारत को एक बार फिर आईसीसी खिताब दिलाना चाहेंगे। भारत ने आखिरी बार आईसीस ट्रॉफी एमएस धोनी की कप्तानी में जीती थी। साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम करने के लिए भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराया था। कोहली ने हाल ही में भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के अपने दृढ़ संकल्प के बारे में जिक्र किया था। कोहली ने कहा कि मेरे लिए, यह फैंसी शॉट खेलने और अपना विकेट फेंकने के बारे में नहीं है। हमें आईपीएल के बाद टेस्ट क्रिकेट मिला है, हमें अपनी तकनीक पर खरा उतरना होगा।



# पूर्व कप्तान गावस्कर ने हार्दिक पांड्या की तारीफ कर कहा वहां धोनी का याद दिलाता हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की तारीफ कर कहा कि वह टीम में जो इत्मीनान का भाव लाते हैं, वह महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। पांड्या की कप्तानी में गुजरात लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। गुजरात ने दूसरे क्वालीफायर में पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस को 62 रन से हराया।

गावस्कर ने कहा, हार्दिक बार बार कहता आया है कि वह धोनी का कितना बड़ा मुरीद है। जब दोनों टॉस के लिए उतरते हैं, तब दोनों के चेहरों पर मुस्कुराहट होगी और यह काफी दोस्ताना माहौल में होगा, लेकिन मैच में माहौल अलग होगा। पंड्या के पास यह दिखाने का सुनहरा मौका है कि उसने कितना तेजी से सीखा है।

उन्होंने कहा, पिछले साल वह पहली बार कप्तानी कर रहा था तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि क्या अपेक्षा करनी है, क्योंकि वह बेहद रोमांचक क्रिकेटर पहले से था। लेकिन पिछले एक साल में हमने देखा कि टीम में वह जो इत्मीनान का भाव लाता है, वह धोनी की याद दिलाता है। यह खुश रहने वाली टीम है जैसी कि सीएसके है। हार्दिक को इसका काफी श्रेय जाता है।

गावस्कर ने टाइटंस की सफलता का श्रेय कोच आशीष नेहरा को भी दिया। उन्होंने कहा, मैं नेहरा को भी श्रेय दूंगा। वह ऐसा इंसान है कि आप चेंज रूम में हों या कमेंट्री बॉक्स में, आप हंसते रहते हैं, वह जीवन बहुत सरल बना देता है और क्रिकेट की नेहरा में जबर्दस्त समझ है। टाइटंस बेहतरीन टीम है और लीग चरण में शीर्ष पर रही है। उसके चेन्नई सुपर किंग्स से तीन



अंक अधिक थे। लीग चरण में बेहतरीन प्रदर्शन करके ही वे फाइनल में पहुंचे हैं। चेन्नई को बखूबी पता है कि उसके सामने चुनौती आसान नहीं है।

## हेडन ने धोनी को बताया जादूगर , कुशल कप्तान बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक जादूगर की तरह बताया है। हेडन के अनुसार धोनी के पास कोई ऐसा जादू है जिससे वह कचरे को भी सोना बना देते हैं। साथ ही कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की सफलता में उसकी इतना हाथ है कि बतौर खिलाड़ी उसके भविष्य की बातें प्रासंगिक नहीं कही जा सकती हैं। धोनी की कप्तानी में ही सीएसके दसवीं बार आईपीएल फाइनल में पहुंची है जबकि उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम की गेंदबाजी भी कमजोर थी पर धोनी ने उसी में से सर्वश्रेष्ठ निकाल लिया। इसके अलावा उन्होंने जिस प्रकार अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे का उपयोग किया वह सभी जानते है। वह टूर्नामेंट में धोनी घुटने के दर्द के साथ खेले। इसके बाद भी उन्होंने कहा है कि वह अपने भविष्य पर फैसला आने वाले महीनों में करेंगे। हेडन के अनुसार उनके अगले आईपीएल खेलने की संभावनाएं नहीं हैं।

हेडन ने कहा ,'' धोनी एक जादूगर हैं। वह किसी अन्य का कचरा लेकर उसे सोने में बदल देता है। वह काफी कुशल और सकारात्मक कप्तान है। उसने बहुत रोचक बात कही है जो उसकी विनम्रता दिखाती हैं। तमिलनाडु क्रिकेट संघ और उसकी टीम के बीच तालमेल काफी अच्छा है। हर लक्ष्य को पाने के लिये एक प्रक्रिया होती है और उसने पहले भारतीय टीम के साथ और अब सीएसके के साथ यह साबित करके दिखाया है। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा ,'' वह अगले साल खेलेगा या नहीं , यह अब अप्रासंगिक है।मुझे लगता है कि वह नहीं खेलेगा लेकिन वह धोनी है ।



हेडन ने साथ ही यह भी कहा कि दुनिया भर में टी20 क्रिकेट के बढते चलन से खिलाड़ियों के लिये तीनों प्रारूपों में खेलना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा ,'' तीनों प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों का समय समाप्त होने वाला है। टेस्ट क्रिकेट खेलने को लेकर काफी उत्साह है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप को उसका उदाहरण माना जा सकता है। इसके अलावा देखें तो काफी टी20 क्रिकेट हो रहा है।

## मुंबई इंडियंस की हार के बाद रोहित शर्मा ने दी सफाई, कहा- हमारी टीम रास्ता भटक गई

अहमदाबाद ।मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने हार के बाद अपनी सफाई दी है।रोहित शर्मा ने कहा है कि हमारी टीम शुरुआत में ही रास्ता भटक गई थी।गौरतलब है कि शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के दूसरे क्वालिफायर मैच में गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस पर 62 रन से बड़ी जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई 18.2 ओवर में 171 रनों पर ही सिमट गई।गुजरात अब रविवार, 28 मई को फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगी।वहीं, क्वालीफायर मैच में हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा थोड़े निराश दिखाई दिए, पांच बार की चैंपियन मुंबई इस सीजन फाइनल में जगह नहीं बना पाई।हार के बाद कप्तान रोहित बोले की गुजरात ने पार स्कोर से 25 रन अतिरिक्त बनाए और उन्होंने कहा कि गुजरात के बल्लेबाज शुभमन गिल की पारी (129 रन) शानदार रही और उनकी टीम में कोई भी बल्लेबाज वैसी भूमिका नहीं निभा पाया।शुभमन की तारीफ करते हुए रोहित शर्मा ने कहा कि यह एक अच्छा टोटल था, शुभमन ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की।

## अब जेल में रहेगी फुटबॉलरों को ब्लैकमेल करने वाली मॉडल

लंदन ।प्रीमियर लीग के फुटबॉजलर को अपनी खूबसूरती के जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाली एक मॉडल ओरला मेलिसा स्लोअन पकड़ी गयी है। यह मॉडल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर डेविल बेबी के नाम से अपना इंस्टाग्राम अकाऊंट चलाकर फुटबॉलरों को समय बिताने के लिए पहले फंसाती थी और इसके बाद वीडियो बनाकर उन्हें पैसों के लिए ब्लैकमेल करती थी। इस मामले में दोषी पाये जाने के बाद वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मॉडल को जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट के अनुसार मेलिसा स्लोअन फुटबॉल सितारों को साथ समय बिताने के संदेश भेजकर बुलाती थी। इस मॉडल ने फुटबॉलर बेन माऊंट और ब्राइटन के बिली गिल्मर को भी फंसाया था। इससे परेशान हो कर फुटबॉलरों ने इसके नंबर भी ब्लॉक करने शुरु कर दिये पर इसके बाद भी ये मॉडल नंबर बदलकर इन फुटबॉलरों को ब्लैकमेल करती रही।इस मॉडल ने फुटबॉलर को अपने फोन से 12.99 डॉलर का एक भुगतान करने का स्क्रीनशॉट भेजा, जिसमें लिखा, मैं अब खाना नहीं खरीद रही हूं जिससे मुझे और नंबर मिल सकें।मॉडल ने डेविल बेबी 10 के नाम से भी एक इंस्टाग्राम अकाउंट बना रखा था जिसका इस्तेमाल वह अन्य महिलाओं के साथ खिलाड़ियों के कोलाज बनाने के लिए करती थी जिससे उनसे पैसे वसूले जा सकें।गिल्मर ने अदालत को बताया कि चेल्सी से 9 मिलियन डॉलर के सौदे के बाद ही सितंबर 2022 में वह ब्राइटन चला गया था लेकिन मॉडल ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। गिल्मर को अपने सभी दोस्तों और परिवार को इंस्टाग्राम से हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा, ताकि वह उनसे संपर्क न कर सके।



## गिल की पारी के मुरीद हुए पूर्व क्रिकेटर, दिल खोलकर कर रहे तारीफ

### -ये पारी दशकों तक आईपीएल में याद की जाएगी

नई दिल्ली ।मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में 60 गेंद में 129 रन बनाने वाले शुभमन गिल की पूर्व क्रिकेटरों ने जमकर तारीफ की है।इसी कड़ी में महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि टी20 प्रारूप में क्लीन शॉट्स खेलने की गिल की काबिलियत के कारण यह पारी याद रखी जाएगी।

गावस्कर ने कहा ,गिल की यह पारी बरसों तक याद रहेगी।इसमें उन्होंने मुंबई के प्रमुख गेंदबाजों को निशाना बनाकर विरोधी कप्तान रोहित शर्मा को रणनीति बदलने के लिए मजबूर किया।उन्होंने कहा ,''इस तरह की बेहतरीन पारियों में गिल ने अपना स्ट्राइक रेट अच्छा रहा और टीम को दबाव से मुक्त भी रखा।इसके अलावा यह पारी इसकारण भी याद रखी जायेगी क्योंकि उसने टी20 प्रारूप में पारंपरिक क्रिकेट शॉट्स खेले।

वहीं भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा ,'' गिल की बल्लेबाजी ने एक बात साबित कर दी कि अगर आपके बेसिक्स सही हो, सोच साफ हो तब रन खुद ब खुद बनते हैं।विराट कोहली और गिल ने साबित कर दिया कि रन बनाने के लिये लप्पे लगाने की जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा, ये दोनों अलग अलग पीढी के बल्लेबाज हैं लेकिन दोनों के बल्लों से रन खूब निकले हैं।यह साफ सोच और बेसिक्स सही रखने से ही होता है।

पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा ,'' बरसों बाद जब आप मुड़कर देखते हैं, तब यह पारी याद रहेगी।आईपीएल क्वालीफायर मैचों के इतिहास में यह पारी यादगार हो गई है।भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा ,' इतने बड़े मैच में हाव भाव काफी अहम है।वह इतने इत्मीनान से खेला।उसका आत्मविश्वास गजब का था।पिछले साल हमने जोस बटलर को देखा , इस साल विराट कोहली को भी देखा।बड़े मैचों में वह विराट, रोहित और धोनी की तरह खेलेगा।

# मैं वॉशरूम गया और मुझे नहीं पता था कि मैं आरेंज कैप पहनूंगा : शुभमन

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अपनी शतकीय पारी के बाद शुभमन गिल ने कहा कि मैं वॉशरूम गया और मुझे नहीं पता था कि मैं ऑरेंज कैप पहनूंगा। अच्छा टोटल मिला, उम्मीद है कि हम इसका बचाव करेंगे। मेरी आंखों में बहुत पसीना चला गया और मैं उन्हें खोल नहीं पा रहा था। जब हम हारे हैं तब हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला है और यह उन दिनों में से एक है। शुभमन ने कहा कि निश्चित रूप से यह एक भूमिका निभाता है, आपको यह जानना होगा कि किस पक्ष को निशाना बनाना है, अगर यह बड़ी बाउंड्री है और वे अच्छे एरिया में गेंदबाजी करते है तो डबल्स की तलाश करें। वहीं पिच को लेकर उन्होंने कहा, नई गेंद थोड़ी रुक कर आ रही थी, उस विकेट पर ज्यादा घास नहीं थी, गेंद अच्छे से आ रही थी और आउटफील्ड गीली होने के कारण 2 ओवर के बाद स्विंग होना बंद हो गया। काश यह संभव होता कि मैं इसे हर जगह ले जाऊं।

गौरतलब है कि गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को यहां तीन विकेट पर 233 रन बनाए। गुजरात की पारी का आकर्षण शुभमन गिल का शतक रहा। उन्होंने 60 गेंदों पर 129 रन बनाए, जिसमें 7 चौके तो 10 दनदनाते छक्के शामिल रहे। इस शतक के बाद शुबमन गिल ने बयान देते हुए पिच को बेहतर बताया, साथ ही ऑरेंज कैप पर कब्जा भी कर लिया। इस शतक के साथ उन्होंने अपने नाम कई उपलब्धियां हासिल कर ली हैं। गिल ने आईपीएल इतिहास में प्लेऑफ की सबसे बड़ी पारी खेल डाली। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ते हुए यह रिकार्ड अपने नाम किया। वीरेंद्र सहवाग ने 2014 के आईपीएल प्लेऑफ में यादगार पारी खेली थी। क्वालीफायर 2 में, सीएसके के खिलाफ पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के लिए खेलते हुए, सहवाग ने सिर्फ 58 गेंदों पर 12 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 122 रनों की शानदार पारी खेली थी।



# जीएसटी से राज्यों को राजस्व हानि,भरपाई की जल्द हो स्थायी व्यवस्था : बघेल

» नीति आयोग के गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से की 2659 करोड़ की राशि जल्द उपलब्ध कराने का अनुरोध किया

» कोयला एवं अन्य प्रमुख खनिजों की रॉयल्टी दरों में संशोधन का किया आग्रह



**रायपुर 27 मई 2023(ए)।** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की आठवीं बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बैठक से संबंधित एजेंडा बिन्दुओं के अतिरिक्त राज्यहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और विषयों पर अपनी बात रखी। इस मौके पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे।

बैठक के एजेंडे पर बात करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2047 का विकसित भारत, टीम इंडिया की भूमिका पर कहा देश की एकता और अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने में राज्यों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार राज्यों के अधिकारों का सम्मान करे और उसके हिस्से के संसाधनों को भी हस्तांतरित करने की प्रणाली को और मजबूत बनाए। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई पर ज़ोर देते हुए कहा कि राज्य में ग्रामीण एवं कुटीर क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र के संसाधनों को स्थानीय स्तर पर उपयोग किए जाने के उद्देश्य से ग्रामीण एवं कुटीर औद्योगिक नीति 2023-24 की घोषणा की गयी है।

उन्होंने कहा एन एम डीसी द्वारा राज्य में स्थित इकाइयों को 25-30 प्रतिशत आयरन ओर ही उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने समुचित आयरन ओर राज्य की इकाइयों के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

श्री बघेल ने कहा छत्तीसगढ़ के एमएसएमई उद्योगों को एसईसीएल से विगत 2-3 वर्षों से राज्य की आवश्यकता अनुरूप कोल नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर कार्यवाही कर छत्तीसगढ़ का हित सुरक्षित करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया आदिवासी अंचल बस्तर में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए विगत चार वर्षों में लगभग 9 हजार करोड़ रूपए पूंजी निवेश हेतु एमओयू किए गए हैं। इनमें से इस्पात उद्योगों के लिए प्रतिवर्ष 3 मिलियन टन आयरन ओर की आवश्यकता होगी। उन्होंने अनुरोध किया कि इन इस्पात संयंत्रों की उत्पादन क्षमता के अनुरूप आयरन ओर आरक्षित रखा जाए तथा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही विशेष प्रोत्साहन अंतर्गत एनएमडीसी द्वारा आयरन ओर की दर में भी 30 प्रतिशत छूट दी जाए।

इसके साथ ही उन्होंने 20 हजार से कम आबादी के शहरों में मनरेगा लागू करने का सुझाव भी दिया। मुख्यमंत्री ने रायपुर एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शीघ्र शुरू करने व समन्वय हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति का अनुरोध भी किया। बैठक में उन्होंने छत्तीसगढ़ के 10 आकांक्षी जिलों में सोलर पावर प्लांट की स्थापना के साथ ही 5 मेगावाट तक के सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना को हरित गतिविधियों के रूप में मान्य करते हुए वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत वन व्यपवर्तन से छूट प्रदान करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं व शिशुओं की देखभाल के सभी कार्यक्रमों के लिए एकीकृत एमआईएस प्रणाली होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत केंद्र-राज्य वित्त पोषण का हिस्सा 75:25 करने का अनुरोध किया।

इसके अलावा उन्होंने बैठक में नवीन पेंशन योजना में जमा 19 हजार करोड़ की राशि की वापसी का मुद्दा भी उठाया। वहीं, उन्होंने जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान की भरपाई की मांग भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी कर प्रणाली से राज्यों को राजस्व की हानि हुई है। छत्तीसगढ़ जैसे उत्पादक राज्यों के राजस्व हानि की भरपाई की कोई स्थायी व्यवस्था अतिशीघ्र की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा कम प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने 2659 करोड़ की राशि इस वित्तीय वर्ष में राज्य को उपलब्ध कराने की मांग की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने खनिजों से मिलने वाली एडिशनल लेवी की 4 हजार 170 करोड़ राशि छत्तीसगढ़ को हस्तांतरण करने का आग्रह किया। वहीं, इस मामले में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत सिविल सूट याचिका में केंद्र सरकार की ओर से जल्द जवाब प्रस्तुत कर निराकरण करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कोयला एवं अन्य प्रमुख खनिजों की रॉयल्टी दरों में संशोधन की मांग की। उन्होंने कहा संशोधन नहीं होने से राज्य के वित्तीय हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बलों की तैनाती पर हुए सुरक्षा व्यय 11 हजार 828 करोड़ रुपए को केंद्र सरकार द्वारा वहन करते हुए राज्य को इस बकाया से मुक्त करने का आग्रह भी किया।

## नक्सलियों ने कांकेर में बड़ी वारदात को दिया अंजाम,तेंदूपत्ता फड़ को किया आग के हवाले



**कांकेर,27 मई 2023।** नक्सलियों का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन ग्रामीण व जवानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहते है। बीती रात बड़गांव क्षेत्र में बीती रात सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है, वही एक वर्दीधारी महिला नक्सली भी घायल अवस्था मे मिली है।

जिसके बाद एक बार फिर नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। माओवादियों ने तेंदूपत्ता फड़ में आग लगा दी है। उनके इस वारदात से 110 बोरा तेंदूपत्ता जलकर खाक हो गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पखांजुर थाना अंतर्गत जानकीनगर की घटना है।

बता दें कि इससे पहले बीती रात बीएसएफ जवानो की टुकड़ी नक्सल गस्त पर रवाना हुई थी, इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानो पर हमला कर दिया। जवानो ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया, करीब आधे घंटे तक दोनों ओर से गोलाबारी के नक्सली मौके से भाग खड़े हुए। गोलीबारी रुकने के बाद इलाके की सर्चिंग के दौरान एक महिला नक्सली घायल अवस्था मे मिली है, जो कि नक्सलियों के एलओएस मेंबर बताई जा रही है।

## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में मारपीट,स्टूडेंट्स पर हुआ हमला

**रायपुर,27 मई 2023।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आम चोरी के शक में ठेकेदार के गुर्गों ने हॉस्टल में घुसकर छात्रों को जमकर पीटा। विद्यार्थियों के साथ की गई मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस घटना से कृषि विश्वविद्यालय की सुरक्षा को लेकर कई बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।दरअसल, राकेश सोनकर नामक व्यक्ति को कृषि विश्वविद्यालय का ठेका दिया गया है।



सामने आए सीसीटीवी फुटेज में साफ पता चल रहा है कि पहले तो बाइक में सवार हो कर कुछ लोग अंदर आए। उसके पीछे से हाथ में डंडा लिए एक व्यक्ति अंदर आता दिखाई दे रहा है। एक स्टूडेंट ने अपनी बाइक रोकी तो, डंडा लेकर आया व्यक्ति उस विद्यार्थी से मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है। कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गईवहीं, इस घटना के बाद पीड़ित छात्रों ने कुलपति कक्ष का घेराव किया, जिसके बाद जांच कमेटी बनाई गई। इसके बाद ठेकेदार ने छात्रों से माफी मांगी। बताया जा रहा है कि अंदरूनी तौर पर मामले को सुलझा लिया गया। वहीं पुलिस में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

## केयरटेकर युवती पार्षद को कर रही थी ब्लैकमेल,दोस्त संग गिरफ्तार

**रायपुर,27 मई 2023।** रायपुर नगर निगम के पार्षद और उनके बेटे के साथ ब्लैकमेलिंग के आरोप में केयरटेकर युवती और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवती पार्षद से 10 लाख रुपए की डिमांड कर रही थी। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, रायपुर के महंत लक्ष्मीनारायण वार्ड नंबर- 43 के पार्षद जितेंद्र अग्रवाल ने अपनी सास की सेवा के लिए आदर्श सेवा संस्था से केयरटेकर बुलवाया था। इस संस्था ने हेमिन साहू उर्फ खेमिन साहू को केयरटेकर के तौर पर इनके घर पर भेजा। शुरुआत में तो युवती ने ठीक से काम किया, इसके बाद घर की वीडियो रिकॉर्डिंग और जानकारी इकट्ठी करना शुरू कर दी। वो मौका देखकर अपने साथी भीखम जैन को फोन करती और यहां की बातें बताती। युवती ने पार्षद के बेटे सुशांत अग्रवाल से मैसेज और कॉल के माध्यम से अश्लील बात करने की कोशिश की। बेटे ने पिता को यह बात बताई। पिता जितेंद्र अग्रवाल को युवती की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, तो उन्होंने इसकी सूचना 13 मई को आदर्श संस्था को दी और आरोपी हेमिन साहू को घर आने से मना कर दिया।

काम से निकालने के बाद युवती ने अगले दिन 14 मई को पार्षद को फोन पर धमकी दी कि अगर वह 10 लाख रुपये नहीं देंगे, तो वह उनके बेटे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करा देगी। इसके बाद आरोपी युवती ने डीडी नगर थाने में जाकर पार्ष के बेटे सुशांत अग्रवाल के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज करा दी। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीडी नगर थाना पुलिस ने आरोपी युवती हेमिन साहू और उसके दोस्त भीखम जैन को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी बालोद जिले के पलारी के रहने वाले हैं।

## चचेरी बहन ने की थी हत्या,पकड़ी गई स्निपर डॉग की मदद से

**रायगढ़,27 मई 2023 (ए)।** मासूम की हत्या मामले में उसकी चचेरी बहन को गिरफ्तार किया गया है. दरअसल कोतरा रोड क्षेत्र के ग्राम चिराईपानी के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में उस समय सनसनी फैल गयी जब निर्माणाधीन स्कूल के भीतर 11 वर्षीय नाबालिक का शव मिला था। जैसे ही सूचना पुलिस को मिली रायगढ जिले के संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के द्वारा संजय महादेवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक थाना कोतरा रोड के पर्यवेक्षण अधिकारी निकिता तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) एवं उप निरीक्षक गिरधारी साव थाना प्रभारी कोतरा रोड को अंधे कत्ल को सुलझाने हेतु दिशा निर्देश दिये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर हर एक पहलुओ पर बारिकी एवं सुक्ष्मता पूर्वक विवेचना की गई मौके पर फारेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्काड, साईबर सेल की टीम एवं संभागीय फिंगर प्रिंट की मदद ली गई, घटना के संबंधित बिन्दुओ पर पूछताछ करने पर पाया गया कि घटना 24 मई की शाम मृतक के शव के पास अंतिम बार भारती चौहान नामक लडकी को देखा गया जिसे दृष्टीगत रखते हुए भारती चौहान को मौके पर तलब कर पूछताछ किया गया, शुरूआत में भारती उर्फ उमा चौहान के द्वारा पुलिस को गुमराह कर प्रकरण के विवेचना में भटकाया गया, उमा चौहान के द्वारा बताये गये सभी तथ्यो की तस्दीक की गई, पाया गया कि करीबन दो माह पूर्व मृतक के निवास से करीबन दस हजार रूपये की चोरी हुई थी, भारती उर्फ उमा चौहान का मृतक के घर अक्सर आना जाना था कि मृतक के माता, मृतक के द्वारा भारती चौहान को कहा गया कि



आप ही हमारे घर आते हो पैसा चोरी आप ही के द्वारा किया गया है, आप चोरनी हो इस बात से क्षुब्ध होकर भारती चौहान के द्वारा बदला लेने के लिए मृतक जो कि रिश्ता में चचेरा भाई है उसे अपने योजना बनाकर निर्माणाधीन स्कूल भीतर ले जाकर बरामदा में गला को दबा कर पत्थर एवं गुप्ती से मारकर हत्या कर दी एवं शव को बरामदे से खींच कर स्कूल भीतर कमरे में रख कर अपने घर चली गई, कि शव पंचनामा कार्यवाही उपरांत पी0एम0 रिपोर्ट प्राप्त हुआ, डाक्टर द्वारा अपने रिपोर्ट में मृतक के गले की हडडी टूटने, श्वास अवरोध होने एवं मृतक की मृत्यु हत्यात्मक होने की पुष्टि की गई है, आरोपिया भारती उर्फ उमा चौहान पिता रामलाल चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी चिराईपानी थाना कोतरा रोड जिला रायगढ छ0ग0 को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ किया गया, जो अपना जुर्म कबुल की घटना में प्रयुक्त ईट का टूकडा, लोहे की गुप्ती तथा घटना के समय पहनी हुई हाफ पेंट, टी शर्ट जिसमें खून का दाग लगा है। को भी बरामद कराई, प्रकरण की विवेचना पर आरोपिया के विरूद्ध प्रथम दृष्टया गिर0 योग्य साक्ष्य पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया है.

## हाईवा ने यातायात सिग्नल को मारी ठोकर,अम्बेडकर चौक में हुआ हादसा

**बलौदाबाजार,27 मई 2023 (ए)।** बलौदाबाजार के अम्बेडकर चौक में उस समय एक बड़ा हादसा टला गया जब रेत खदान जा रही तेज रफ्तार हाईवा ने अम्बेडकर चौक स्थित डिवाइडर में लगे यातायात सिग्नल को सीधे टक्कर मार दिया, जिससे पूरा सिग्नल सड़क पर धराशायी हो गया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षति पहुँची. घटना देर रात की है इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ और बड़ा हादसा टला गया.



घटना रात्रि दो बजे के आसपास बताई जा रही है. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों के बावजुद वाहनों की रफ्तार को रोकने कोई ठोस कदम जिला प्रशासन नहीं उठा रहा है, जिससे आये दिन दुर्घटना हो रही है.

बलौदाबाजार जिला उघोग के साथ ही महानदी रेत उत्खनन के लिये प्रसिद्ध है. यहाँ भारी वाहनों की आवाजाही है. बायपास सड़क होने के बावजूद वाहनों को शहर के अंदर से प्रवेश दिया जाता है, जिससे आये दिन घटना होते रहती है. घटित घटना पहली नहीं है. इसके पूर्व भी घटना हो चुकी है पर न ही जिला प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि इस पर कोई ठोस कदम उठा रहे हैं. अब यह देखना है कि इस घटना को जिला व पुलिस सहित आरटीओ विभाग किस तरह से लेता है और हादसे को रोकने क्या उपाय करता है.

## सेजबहार चाकूबाजी,फरार दोनों आरोपियों की तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी

**रायपुर,27 मई 2023।** सेजबहार इलाके में हुई चाकूबाजी में एक युवक घायल हो गया। मुजगहन थाना प्रभारी ने बताया कि ये मामला बाइक ओवरटेकिंग को लेकर हुआ। आरोपी ने पीड़ित युवक के पेट में चाकू से वार कर दिया। देवांगन किराना दुकान के सामने मेन रोड सेजबहार मोटर सायकल में सेजबहार चौक से अपने घर हाउसिंग कालोनी जा रहा था कि गुलशन वाटिका के पास देवांगन किराना दुकान के सामने सेजबहार पहुंचा था।





उसी समय पीड़ित के पीछे से एक पल्सर मोटर सायकल काला रंग का जिसे देवनारायण साहू चला रहा था उसका भाई पीछे बैठा था। उसने एकदम करीब से ओवरटेक किया तो पीड़ित ऐसे तरह से ओवरटेक क्यो कर रहे हो कहकर मना किया इतने में आरोपी बाइक सवार के पीछे में बैठे युवक ने मोटर सायकल से उतरकर वाद विवाद करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। तभी उसका साथी ने अपने पास रखे चाकू से पीड़ित के पेट के दाहिने एवं बाएं तरफ वार किया। चाकू लगने से पीड़ित जमीन मे गिर गया। उसी समय कुछ लोग पीड़ित के पास आये तब तक दोनो आरोपी फरार हो गए। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है.



## मंदिर पहुंचा बाघ,तेजी से वायरल हो रहा वीडियो

**कवर्धा, 27 मई 2023।** कबीरधाम जिले के घानीखूंटा घाट में बाघ दिखने से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि पिछ्ले दो दिनों से खारा और लोहारा रेंज में बाघ का लगातार दहाड़ गूंज रहा है। राहगीरों ने बंजारी मंदिर के पास बाघ को देखा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वन अमला अब बाघ का तलाश कर रहा है। आपको बता दें कि भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र जो कान्हा टाईगर रिजर्व से लगा हुआ, जिसके चलते बाघों की चहलकदमी अभ्यारण्य क्षेत्र में बनी रहती है।

## पंचायत सचिवों पर सीईओ ने की बड़ी कार्रवाई,वेतन रोकने के निर्देश

**तखतपुर, 27 मई 2023।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना 15वें वित्त के कार्यों में लापरवाही बरतना पंचायत सचिवों के लिए मुसीबत का सबब बन गया. जनपद पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर जीपीडीपी की जानकारी अपलोड नहीं करने वाले 115 ग्राम सचिवों का जहां वेतन रोक दिया है, वहीं दूसरी ओर दो सचिवों के निलंबन के लिए जिला पंचायत को प्रस्ताव भेज दिया है.



ग्राम सचिवों को केंद्र सरकार की योजना में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) पोर्टल में 15वें वित्त से हो रहे कार्यों की जानकारी अपलोड करना था. लगातार इस पोर्टल में कोई काम नहीं कर रहा था, जिसको लेकर पंचायत सचिवों को बार-बार जनपद सीईओ की ओर से हिदायत दी जा रही थी. इसके बाद भी ग्राम सचिवों के गंभीर नहीं होने पर जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत सीईओ को चिट्ठी लिखकर नाराजगी जताई थी.

इस पर तखतपुर जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता ने कार्रवाई करते हुए ब्लॉक भर के तमाम पंचायत सचिवों के वेतन रोकने के लिए जिला पंचायत को अनुशंसा पत्र लिखा है. इसके साथ ही उच्च अधिकारियों की बात नहीं सुनने की मिल रही शिकायतों पर दो सचिवों के निलंबन के लिए जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजा है।

## रायपुर में प्लेटफार्म से आगे बढ़कर रुकी ट्रेन, परेशान हुए यात्री

**रायपुर,27 मई 2023।** रेलवे स्टेशन में आज विशाखापट्नम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस से रायपुर पहुंचे यात्री उस वक्त परेशान हो गए जब प्लेटफार्म नंबर 3 पर आई ट्रेन के करीब 4-5 डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर खड़े हो गए. यात्रियों का आरोप है कि स्टॉफ की गलती की वजह से आज ऐसा हुआ.



जानकारी के मुताबिक ट्रेन के लोको पायलट को रायपुर रेलवे स्टेशन में पदस्थ स्टॉफ ट्रेन को और आगे आने का सिग्नल देते रहे, जिसके कारण ट्रेन प्लेटफार्म से आगे आ गई. ट्रेन के करीब 4-5 डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर निकल गए. जिसके कारण इन डिब्बों में बैठे यात्रियों को उतरने में काफी परेशानी हुई. हालांकि यात्रियों के उतर जाने के बाद ट्रेन को पुनः बैक किया गया.

# गंदगी फैलाने पर निगम ने होटल व्यवसायी से लिया 50 हजार का जुर्माना

**भिलाई,27 मई 2023(ए)।** निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सफाई को लेकर आज वार्ड क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान एक होटल व्यवसायी के द्वारा नाली में गंदगी फैलाकर नाली को जाम कर दिया गया था। अपने होटल से निकलने वाले खराब अपशिष्ट को नाली में पूरी तरीके से बहा दिया था। गंदगी और बदबू इतनी थी कि मोहल्ले वासी भी बदबू से परेशान हो गए थे। इसकी शिकायतें भी मिली थी। नाली से गुजरने वाले लोग बदबू से पूरी तरीके से त्रस्त हो गए थे। थोड़ी देर भी वहां पर खड़े रहना मुश्किल हो गया था। जब निगम आयुक्त रोहित व्यास ने वार्ड का दौरा किया तब मोहल्ले वासियों ने भी बदबू लेकर आयुक्त से शिकायत की। इस पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को जुर्माना लगाने के निर्देश दिए और होटल व्यवसायी को गंदगी नहीं फैलाने को लेकर हिदायत भी दी। परदेसी चौक के पास के छोटू होटल व्यवसायी को गंदगी फैलाने को लेकर 50000 रुपए जुर्माना लिया गया। निगम ने नाली की सफाई भी की।

इसी प्रकार से वार्ड क्षेत्र के भ्रमण के दौरान निर्माण एवं विध्वंस के मलबे को बिखेरकर रखने वाले निर्माणकर्ता से 10000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। मलबा को सड़क किनारे रख दिया गया था जिसके चलते लोगों को आवाजाही में



परेशानी हो रही थी इसकी भी शिकायतें निगम को मिली थी। काफी दिन से यह मलबा यहीं पर पड़ा हुआ था जिसके चलते गंदगी भी फैल रही थी। निगम आयुक्त ने वार्ड क्षेत्रों में नाली सफाई का जायजा लिया तथा सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान कुछ स्थानों पर घर मालिको ने पुराने सामग्रियों को एक जगह एकत्रित कर दिया गया था, जिसे घर मालिक को बोलकर हटवाया गया। कुछ स्थानों पर सड़क बाधा कर लिया गया था, एक जगह झोपड़ी नुमा तथा दूसरी जगह फल ठेले वाले के द्वारा सड़क पर ही समान बेचा जा रहा था। जिसे व्यवस्थित जगह पर व्यवसाय करने की समझाइश देकर किनारे कराया गया तथा पुराने झोपड़ी नुमा जिसका कोई उपयोग नहीं हैं और सड़क पर ही लगा था को हटाने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। आगामी मानसून को देखते हुए नालियों की वृहद सफाई के निर्देश आयुक्त ने मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि वार्ड क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। गीले कचरे और सूखे कचरे को पृथक-पृथक देने की इस दौरान अपील की गई। गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के मापदंडों के अनुरूप निगम के द्वारा कार्य किया जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर खासा ध्यान रखा जा रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)